

घट स्थापना का मुहूर्त

19 मार्च सुबह 6:52 से 7:53 बजे तक का समय शुभ, जब मीन लग्न उदय होगा

इसके अलावा दोपहर 12:05 से 12:53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना की जा सकती है

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026


*'हरिभूमि' हर वर्ष की तरह इस बार भी चैत्र नवरात्र पर प्रदेश के चार प्रमुख देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारियों से जुड़ी जानकारी अपने पाठकों के समक्ष पेश कर रहा है*

## 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद, 15 जोड़ी ट्रेनें चलाईं

मनोज रजक ▶▶ मैहर

मां शारदा देवी, मैहर

प्रसिद्ध शक्तिपीठ मैहर में गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। इस वर्ष मेले में करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह के अनुसार मेले की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न स्तरों पर विभाजित किया गया है, जिसमें 650 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।



*650 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई*

## पहले दिन आएंगे करीब 40 हजार श्रद्धालु, 200 कमरे भी खोले गए

राजीव मिश्रा ▶▶ दतिया

पीतांबरा मां, दतिया

विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार से आरंभ हो रहे इस पावन पर्व पर दतिया का माहौल देवी भक्ति और आस्था से सराबोर होगा। मंदिर के चारों मुख्य द्वार आकर्षक सजावट के साथ भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। देशभर से साधक और श्रद्धालु मां पीतांबरा के दर्शन के लिए दतिया पहुंच रहे हैं। मंदिर से मंत्र दीक्षा प्राप्त साधकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने विशेष इंतजाम किए हैं।



*मंदिर के चारों द्वार खोल दिए जाएंगे*

## गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा श्रद्धालु सभामंडप से दर्शन करेंगे

राजेंद्र सकलेचा ▶▶ नलखेड़ा

बगलामुखी मां, नलखेड़ा

चैत्र नवरात्रि को लेकर मां बगलामुखी मंदिर में तैयारियां पूर्ण हैं। इस बार मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है, जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है और विशेष विद्युत व्यवस्था भी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जगह-जगह बेरिकेडिंग की गई है।



तांत्रिक साधना का यह आदर्श स्थान

## करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद, सुरक्षा कड़ी

बलराम सिसोदिया ▶▶ सीहोर

बिजासन मां, सलकनपुर

भोपाल से 70 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध शक्तिपीठ बिजासन धाम सलकनपुर में चैत्र नवरात्रि में करीब 5 लाख श्रद्धालु माता बिजासन के धाम पहुंचेंगे। माता बिजासन के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगेंगे। लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता बिजासन के दर्शन करने हर वर्ष आते हैं। बिजासन धाम सलकनपुर में माता बिजासन के दर्शन करने के लिए यहां पर सड़क मार्ग, रोववे सहित सीढ़ियों से भी माता के दर्शन करने लोग पहुंचते हैं। वैसे तो यहां पर साल भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।



*मां के दर्शन कर मांगते हैं मन्नतें*

### चैत्र नवरात्र आज से होंगे प्रारंभ

# पालकी से होगा मां दुर्गा का आगमन, हाथी पर होगी विदाई

प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इस बार माता का आगमन पालकी से होगा और विदाई हाथी पर सवार होकर होगी। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने 'हरिभूमि' को बताया कि धार्मिक मान्यता है कि पालकी पर आगमन वर्ष की शुरूआत में कुछ उतार-चढ़ाव का संकेत देता है, जबकि नवरात्र के अंत में मां दुर्गा का प्रस्थान हाथी पर होगा, जिसे समृद्धि, स्थिरता और सुख का प्रतीक माना जाता है। पंडित शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम पूजा स्थल को गंगाजल से साफ कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित करें। माता को नई पोशाक, आभूषण, पुष्पमाला के साथ श्रृंगारित चौकी पर सुशोभित करें। माता के समक्ष कलश स्थापित करें और मिट्टी के पात्र में जौ बोएं। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री को गाय का दूध, शुद्ध घी, सफेद बर्फी और फल का भोग अर्पित करें।

### प्रदेश में नवसंवत्सर का आयोजन विकास और जनकल्याण के नए संकल्पों के साथ किया जा रहा

# कृषि, जल और विकास के रोड मैप का संकल्प

सीएम का ब्लॉग




*डॉ. मोहन यादव*

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला नवसंवत्सर हमारी सांस्कृतिक चेतना, वैज्ञानिक दृष्टि और प्राकृतिक जीवन पद्धति का प्रतीक है। इस वर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ हुआ है। यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय कालगणना की गौरवशाली परंपरा उज्जयिनी से प्रारंभ हुई है। सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से आरंभ हुआ विक्रम संवत भारतीय संस्कृति की चेतना और राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक है। भारतीय नववर्ष प्रकृति के नवोदय का पर्व है। इस समय प्रकृति नवजीवन से समृद्ध होती है,पृथ्वी पर नवचेतना और नवसृजन का संचार होता है। देश भर में मनाए जाने वाले नवसंवत्सर के विभिन्न नाम हैं। इसी दिन से चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होता है। नवरात्र के नौ दिन साधना, आत्मशुद्धि और शक्ति उपासना का अवसर है। भारतीय जीवन पद्धति में पर्व और परंपराएं व्यक्ति और समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

मध्यप्रदेश में नवसंवत्सर का आयोजन विकास और जनकल्याण के नए संकल्पों के साथ किया जा रहा है। नवसृजन के प्राकृतिक उत्सव अवसर पर मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष हमने पहली कृषि कैबिनेट बैठक बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में की है। इसमें कृषि विकास और कल्याण के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपए की योजनाओं को स्वीकृत किया गया। भारतीय नववर्ष का आयोजन हमें प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देता है। हमारी परंपरा में गुड़ी पड़वा के दिन सूर्योदय से पहले स्वच्छ जल में स्नान करने और सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। अर्घ्य देने की परंपरा में जल स्त्रोतों की पवित्रता और संरक्षण का संदेश है। जल संरक्षण के इसी भाव के साथ मध्यप्रदेश में आज से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन से प्रारंभ होने वाले इस तीसरे राज्य स्तरीय अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों और नवीन तकनीकी, नवाचारों के साथ प्रदेश के जल स्त्रोतों को सुरक्षित किया जाएगा। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ पर्व के लिए होने वाली समस्त तैयारियां प्रगति पर हैं। इसके साथ ही श्रीराम वनगमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय जैसी योजनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ा जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 'विक्रमोत्सव-2026' का आयोजन किया जा रहा है।

### राज्यपाल मंगुभाई जिस फ्लाइट में, उसमें तकनीकी खराबी

# उड़ते ही बज उठा खतरे का अलार्म भोपाल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यहां के राजा भोज एयरपोर्ट से रात 7.50 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2760 में मंगलवार को तकनीकी खराबी आ गई। टेकऑफ होते ही खतरे का अलार्म बजा तो इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान को रनवे से वापस टर्मिनल लाया गया। फ्लाइट में 70 यात्रियों के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। अंततः फ्लाइट रात 10.15 बजे रवाना हो सकी। बताया गया है कि टेकऑफ के चंद पलों में तकनीकी खराबी का अलार्म बजा। यह केबिन में एयर प्रेशर कम होने की वजह से हुआ। पायलट ने तत्काल एटीसी को इमरजेंसी मैसेज भेजा और फिर विमान की लैंडिंग कराई गई। यात्रियों को टर्मिनल में रेस्ट करने की सलाह दी गई। एयरपोर्ट के मेंटेनेंस हब में विमान की तकनीकी खराबी को दूर करने का प्रयास किया जाता रहा। खराबी ठीक होने के बाद विमान ने रात करीब 10.15 बजे फिर उड़ान भरी।

*एडीजी को जान से मारने की धमकी*

## शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के एडीजी (ट्रेनिंग) राजाबाबू सिंह के साथ अज्ञात युवको द्वारा धमकाने का मामला सामने आया है। एडीजी राजाबाबू ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर और डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में जान को खतरा होने का जिक्र भी किया है। हालांकि पुलिस शिकायत कुछ घंटो बाद ही आरोपियों को पकड़ लिया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मंगलवार तड़के उनके घर के बाहर कार से आए बदमाशों ने उन्हें धमकाया था।आरोपियों के हाथ में डंडे थे, वह कौन हैं और क्या अभद्रता की इसका खुलासा नहीं हो सका है। पूरा वाकिया एडीजी के त्रिलंगा स्थित घर के बाहर का है। शाहपुरा थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम नितेश चौरसिया और रुद्राक्ष यादव हैं, और दोनों भोपाल के निवासी हैं। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और वे प्राइवेट नौकरी करते हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गलत पते पर पहुंच गए थे, इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। हालांकि दोनों आपस में दोस्त हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों का एडीजी के कर्मचारियों से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। इसकी जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई है।



राजाबाबू सिंह

*यूएई से आया 80 हजार 800 मीट्रिक टन कच्चा तेल*

### गुजरात पहुंचा तीसरा जहाज

# मुंद्रा पोर्ट पहुंचा भारतीय झंडे वाला 'जग लाडकी' जहाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय झंडे वाला तीसरा जहाज 'जग लाडकी' बुधवार सुबह सुरक्षित गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। यह एक तेल टैंकर है और यह 80,800 टन मर्बान क्रूड ऑयल लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत आया है। जग लाडकी से पहले दो भारतीय एलपीजी टैंकर- शिवालिक और नंदा देवी ईरान के होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते हुए इंडियन नेवी की सुरक्षा घेरे में भारत पहुंच चुके हैं। जब ओमान की खाड़ी में यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर जग लाडकी पर कच्चा तेल लोड किया जा रहा था तभी ईरान ने वहां हमला कर दिया था। भारतीय नौ सेना की सुरक्षा घेरे में जग लाडकी और इस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित अपने देश पहुंच चुके हैं। जग लाडकी रविवार को फुजैराह पोर्ट से निकला और शनिवार को वहां हुए ईरानी हमले की वजह से कुछ देर के लिए ऑयल ऑपरेशन भी निलंबित करना पड़ा।

*भारत सरकार ने कहा कि एलपीजी की स्थिति अभी भी चिंताजनक*



जग लाडकी जहाज

### भारत का 'ऑपरेशन संकल्प'

अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करते हुए भारत ऑपरेशन संकल्प के तहत इन जलक्षेत्रों में अपनी नौसैनिक उपस्थिति लगातार बनाए हुए हैं। यह पहल महत्वपूर्ण शिपिंग रूट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जग लाडकी जैसे जहाजों की सुरक्षित डॉकिंग सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इसके साथ ही शिपिंग महानिदेशालय जहाज मालिकों, भर्ती और प्लेसमेंट सेवा लाइसेंस एजेंसियों और इस क्षेत्र में मौजूद भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर पर बड़ा फैसला

# राज्यों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी कोटा मिलेगा

कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर केंद्र सरकार ने एक अहम फैसला लिया है, जिसका सीधा असर कारोबारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों पर पड़ सकता है। सरकार ने राज्यों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी कोटा देने का निर्णय लिया है, जिससे बढ़ती मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।



इस कदम से खास तौर पर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो लंबे समय से गैस की उपलब्धता और कीमतों को लेकर परेशान थे। भारत सरकार ने बुधवार को कहा कि एलपीजी की स्थिति अभी भी चिंताजनक है, और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कमर्शियल एलपीजी का 10% अतिरिक्त आवंटन देने की पेशकश की।




haribhoomi.com
# सेहत
हरिभूमि
जबलपुर, गुरुवार
19 मार्च 2026





डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**




डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।



**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।




प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम

## क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।



**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**लगातार बैठने के नुकसानः** हममें से अधिकतर लोग अगर ऑफिस में काम न भी कर रहे हों, तो भी घंटों कार चलाने के दौरान, टीवी देखने के दौरान, काउच पर आराम करने के दौरान, और तो और कुर्सी पर ही घंटों एक ही मुद्रा में बैठे रहते गैजेट्स में बिजी रहते हैं। लगातार बैठे रहने से हमारी कमर पर लगातार दबाव बढ़ता है। घंटों एक ही मुद्रा में बैठने से या स्क्रीन पर देखने से हमारी गर्दन और कमर पर पड़ने वाला दबाव हमारी निद्रा के पैटर्न को भी बदल देता है। डायबिटीज और मोटापा बढ़ता है। हमारे शरीर की कंज्यूम की गई कैलोरीज की खपत नहीं होती, जिसके कारण मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती हैं। खराब पॉश्चर के कारण कमर दर्द, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हाइपरटेंशन, एब्नॉर्मल ब्लड लिपिड प्रोफाइल और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**इन बातों पर करें गौरः** अपने हृदय के स्वास्थ्य के लिए सही डाइट के साथ-साथ गति, ऊर्जा देना भी जरूरी है।

- सिटिंग जॉब के दौरान हर 30 मिनट बैठने के बाद बीच में ब्रेक लें। 15 से 20 मिनट तक खड़े होकर काम करने का प्रयास करें।
- बैठने के दौरान बीच में रुक-रुककर अपने पैरों और कंधों को स्ट्रेच करें, इससे आपको आराम मिलेगा।
- अपनी डेस्क को इस तरह से ऑर्गनाइज करें कि कंधे, गर्दन, पीठ पर काम का दबाव न महसूस हो। *



जबलपुर
गुरुवार 19 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष–1
वर्ष : 20, अंक : 317
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *



मौसम
अधि. 32
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं



'विधाता' के प्रथम कार्य का साक्षी होने के कारण ही इसे 'प्रतिपदा' का गौरव प्राप्त हुआ

# समय की गणना का श्रीगणेश है चैत्र प्रतिपदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संस्कृति में नववर्ष का आगमन मात्र कैलेंडर की तारीख बदलना नहीं, बल्कि सृष्टि के पुनर्जन्म का उत्सव है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वही पावन तिथि है जब ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का विधान आरंभ किया था। 'विधाता' के प्रथम कार्य का साक्षी होने के कारण ही इसे 'प्रतिपदा' का गौरव प्राप्त हुआ। यह तिथि काल के प्रवाह में उस बिंदु को दर्शाती है जहां से समय की गणना का श्रीगणेश होता है। ऋतुराज वसंत की मनमोहक छटा के बीच यह पर्व पूरे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोता है।

हम बीते कल की कड़वाहट छोड़, नई ऊर्जा के साथ भविष्य का स्वागत कर रहे



एआई इमेज






मनोज पुगलिया (मृतक)
सिमरन पुगलिया (मृतक)
सुमन सेठिया (मृतक)
विजय सेठिया (मृतक)



1 आग के बाद घर व कार



2 ये सिलेंडर विस्फोट से बचे



3 बिजली के तारों में भी आग लगी



4 बच्चे का शव पोटली में

## ईवी कार में चार्जिंग के दौरान विस्फोट, घर में रखे सिलेंडरों व केमिकल से भी हुए जबरदस्त धमाके, बिजली गुल होने से नहीं खुले दरवाजों में लगे 'डिजिटल लॉक'

# 'तकनीक' ने जला डाली 8 जिंदगियां

*तकनीक यदि जीवन को सुविधापूर्ण और सुरक्षापूर्ण बना रही है तो वह कुछ सबक भी दे रही है। जो हमारी तकनीक पर निर्भरता पर बड़े सवाल भी खड़े करती है, जिससे असुरक्षा का भाव पैदा हो रहा है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर


यहां इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं।मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है।

**घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की**

### पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था हादसा

इससे पहले 23 अक्टूबर 2025 की सुबह इंदौर के कारोबारी और कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल के घर भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उनके घर मंदिर में जल रही अखंड ज्योति से आग पूरे पेंट-हाउस में फैल गई थी। उनके यहां भी आग से घर में लगे डिजिटल लॉक ने काम करना बंद कर दिया था। प्रवेश अग्रवाल की पत्नी और बेटी को बचाकर अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें बचाते हुए प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई थी।

### इंदौर और दिल्ली अग्निकांड पर पीएम मोदी ने जताया दुख




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के पालम और इंदौर में आग लगने के कारण कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। इंदौर की घटना पर पीएमओ ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना में हुई जान-माल की हानि से गहरा दुख हुआ है।

उधर, दिल्ली में बहुमंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

# गहरी नींद में सो रहे थे लोग 3 बच्चों सहित 9 ने दम तोड़ा

- *दो छोटे बच्चों की जान बचाने के लिए उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंका गया*
- *दमकल विभाग की 30 गाड़ियां ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग ने नौ लोगों की जान ले ली। इस दर्दनाक घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

**आग-दर-आग**

### राजस्थान के जालोर में टैंकर हादसा



राजस्थान के जालोर जिले में नेशनल हाईवे-68 पर सांचौर के पास एक तेल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें भीषण आग लग गई। इस हादसे में टैंकर में सवार एक व्यक्ति की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

### चंडीगढ़ और अहमदाबाद में व्यापारिक नुकसान

चंडीगढ़ के सेक्टर 22 स्थित मोबाइल मार्केट में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे करोड़ों का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल की 15 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। वहीं, अहमदाबाद के शाहीबाग इलाके में एक रिहायशी इमारत की पांचवीं मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हालांकि, इन दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई।

**सीएम डॉ. यादव का ऐलान- इंदौर भेजी गई विशेष टीम कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, ताकि आगे के लिए बेहतर सुरक्षा मानक तय किए जा सकें**

### सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख, दुर्घटना की जांच के दिए निर्देश



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आग हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे और डिजिटल लॉक जैसी सुविधाएं सुरक्षा के लिए उपयोगी हैं, लेकिन कई बार आपात स्थिति में बाधा भी बनती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की टीमें ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हैं। सीएम के मुताबिक इंदौर भेजी गई विशेष टीम कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, ताकि आगे के लिए बेहतर सुरक्षा मानक तय किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग से हुई दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को व्यवस्थित जांच के निर्देश दिए गए हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।*




**खबर संक्षेप**

### अब बिना एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी 60% सीटें

**नई दिल्ली।** सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने भारत में हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60% सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के बुक होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके अलावा एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा या उन्हें आस-पास की सीटें दी जाएंगी। मौजूदा नियमों में पैसेंजर्स के लिए 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। अभी एयरलाइंस पंसद की सीटें चुनने पर 500 से 3000 रुपए तक चार्ज करती हैं। सरकार ने कहा है कि किसी भी फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें फ्री में उपलब्ध हों।





किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम

सीएम डॉ. यादव ने दिलाई किसानों को शपथ

## नरवाई न जलाएं, अपनाएं जैविक एवं प्राकृतिक खेती

- ***मुख्यमंत्री ने** हरदा जिले को दी 232 करोड़ रुपए के 41 विकास कार्यों की सौगात, तीन सांदीपनि विद्यालय मिले*
- ***मुख्यमंत्री ने** 75 नवनियुक्त सहकारिता निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नरवाई का समुचित प्रबंधन करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान इससे जुड़ें। किसान नरवाई न जलाएं, इससे धरती माता की उर्वरक क्षमता प्रभावित होने लगती है। प्राकृतिक खेती के उत्पादों को मंडी में बेचने के लिए विशेष प्रबंधन किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को हरदा में कृषि आधारित कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केंद्रित राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने हरदा जिले के लिए करीब 232 करोड़ रुपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

### नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने गोशालाओं को नरवाई से भूसा तैयार करने के लिए यंत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। हमारी सरकार गोशालाओं को मिलने वाला अनुदान 20 रुपए प्रति गोमाता से बढ़ाकर 40 रुपए किया है। प्रदेश में गोशालाओं की संख्या बढ़ाई जा रही है।

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर वारदात

### आठ साल की बच्ची को मां ने चलती ट्रेन के सामने धकेला




बच्ची ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात एक मां का दिल दहला देने वाला कृत्य सामने आया है। मां ने प्लेटफार्म 1 पर खेल रही अपनी 8 साल की बच्ची युविता को सामने से गुजर रही ट्रेन तमिलनाडु एक्सप्रेस के सामने धकेल दिया। बच्ची ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे गिर गई, जिससे उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई हैं। जीआरपी और अन्य यात्रियों ने तत्काल बच्ची को जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया।

दो सकुर्लेशन, एक ट्रूफ से आंधी-बारिश

### कुछ जिलों में ओलों की संभावना भोपाल सहित 12 जिले 'भीगेंगे'




तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और दो सकुर्लेशन से बुधवार को पूर्वी मध्य प्रदेश के डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी सहित कुछ हिस्सों में बारिश हुई। गुरुवार को करीब आधा दर्जन जिलों में आंधी-बारिश और कुछ इलाकों में ओले गिरेंगे। गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल में तेज हवाओं के साथ बारिश की उम्मीद है। इस बीच तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।गर्मी और उमस बरकरार रहेगी।

इंदौर में बम धमकी से हड़कंप

### संभागायुक्त दफ्तर खाली कराया सर्च ऑपरेशन में कुछ नहीं मिला



साइनाइड बम की धमकी से दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब संभागायुक्त कार्यालय और उसी भवन में संचालित श्रमायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। मेल में दावा किया गया था कि परिसर में साइनाइड गैस से लैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर में विस्फोट करेंगे। चेतावनी मिलते ही कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाला गया और पूरे भवन को खाली करा लिया गया।

वेनेजुएला-ईरान के बाद अब डोनाल्ड ट्रंप की क्यूबा पर नजर, बोले

## क्यूबा इस वक्त बहुत बुरे हाल में है हम बहुत जल्द 'कुछ' करने वाले हैं

ट्रंप प्रशासन चाहता है कि राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़ कैनेल अपना पद छोड़ दें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को क्यूबा की समाजवादी सरकार के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का वादा किया। देश के खिलाफ उनके इन कदमों से अमेरिका का यह पुराना विरोधी देश और भी गहरे संकट में घिर गया है। वेनेज़ुएला पर ट्रंप के प्रतिबंधों की वजह से क्यूबा में हाल ही में पूरे देश में बिजली गुल हो गई थी। इस घटना के ठीक एक दिन बाद, ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो दोनों ने कहा कि प्रशासन इस द्वीप देश को अगले ऐसे देश के तौर पर देख रहा है।



डोनाल्ड ट्रंप

**रूस बोला- जरूरत पड़ी तो क्यूबा की मदद करेंगे**

इस बीच रूस ने संकेत दिया है कि वह जरूरत पड़ने पर क्यूबा का समर्थन कर सकता है। दोनों देशों के अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। क्यूबा में आर्थिक सुधार की भी शुरुआत दिख रही है। वहां के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ऐलान किया है कि विदेश में रहने वाले क्यूबाई लोग अब देश में निवेश कर सकेंगे, बैंकिंग कर सकेंगे और कारोबार कर सकेंगे।

**क्यूबा की अर्थव्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही**

रूबियो का कहना है कि क्यूबा की अर्थव्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही है और उसकी सरकार इसे ठीक नहीं कर सकती। मंगलवार दोपहर तक अस्पतालों और कुछ घरों में बिजली धीरे-धीरे बहाल की जा रही थी, लेकिन अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली का जर्जर नेटवर्क फिर से ठप हो सकता है।

सभी प्लेटफॉर्मस से हटाया गया गाना

### नोरा का गाना 'सरके चुनर तेरी' पर लगा बैन संसद में बवाल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'केडीः द डेविल' के गाने 'सरके चुनर तेरी' गाने पर बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा। गाने में बहुत ही भद्दे लिरिक्स का इस्तेमाल किया गया है जिसको लेकर ये पूरा बवाल मचा हुआ है। अब ये लोकसभा तक भी पहुंच गया है। नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' का हिंदी वर्जन भारी विरोध और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीआई) में औपचारिक शिकायत के बाद सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



■ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की पुष्टि


विक्रम सम्वत् 2083
भारतीय नववर्ष
की हार्दिक
मंगलकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
राज्यस्तरीय
जल गंगा संवर्धन
अभियान
जनभागीदारी की अनूठी पहल का
तृतीय चरण : 19 मार्च से 30 जून 2026
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
इस्कॉन मंदिर, इंदौर
पिछले दो चरणों में 3.50 लाख से अधिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के साथ
नए निर्माण कार्य, भू-जल स्तर में वृद्धि और खेतों के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं
आइये, सब जुड़ें
जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी
आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
D-11222/25

### राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# राजनीति में फुलस्टॉप नहीं होता, योगदान अनुभव ही मूल्यवान, नए सांसद सीख लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा से बुधवार को कई सदस्य रिटायर हो गए। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। विदाई भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। सदन के अंदर चर्चाओं में हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लकुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा। दलीय सीमाओं से ऊपर सभी सम्मान करना और अनुभव साझा करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

## सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती देने वाला बताते हुए प्रशंसा की

**59 सांसदों को विदाई दी इसके साथ ही उनके कार्यों को सराहा भी**



### उपसभापति हरिवंश की सराहना की

प्रधानमंत्री ने रउपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरिवंश ने सदन की कार्यवाही को शांत और संतुलित तरीके से संचालित किया, मेहनती हैं और देशभर की यात्राओं के माध्यम से अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। भाषण का समापन संसद की गरिमा बनाए रखने और प्रेरणा पर जोर रहा।


### पूर्व पीएम देवगौड़ा की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में वरिष्ठ नेताओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एचडी देवेगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा संसदीय सेवा में समर्पित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि नए सांसदों को उनसे सीखना चाहिए।

## देवेगौड़ा पर खरगे का तंज

### मोहब्बत हमसे, शादी उनसे... राज्यसभा में लगे ठहाके प्रधानमंत्री भी मुस्कुराए

सांसदों की विदाई के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने मजाकिया अंदाज से सबको लोटपोट कर दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले पर ऐसी बातें कही कि प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। खरगे ने देवेगौड़ा पर तंज कसते हुए कहा कि मैं देवेगौड़ा को 54 वर्षों से जानता हूं। उनके साथ ही मैंने काम किया। उन्होंने प्रेम हमारे साथ किया, मोहब्बत हमारे साथ किया और शादी मोदी साहब के साथ कर ली। ये जल्दी ही हुआ कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं। खरगे की इस बात पर पीएम मोदी सहित पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने हंसते हुए कहा कि अठावले अपनी कविताओं में हमेशा पीएम मोदी की तारीफ करते हैं। लगता है कि अठावले को मोदी जी की तारीफ के अलावा कोई और कविता आती ही नहीं है। जिससे सदस्यों के बीच फिर से हंसी की लहर दौड़ गई।



### शरद पवार के वापस आने पर जताई खुशी

खरगे ने शरद पवार के सदन में वापस आने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने दिग्विजय सिंह, केटीएस तुलसी और अभिषेक मनु सिंघवी के योगदान की भी सराहना की।
उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने संसदीय चर्चाओं को बहुत बेहतर बनाया है और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## राधाकृष्णन ने भी किया संबोधित | सेवानिवृत्ति अंत नहीं, यह नई जिम्मेदारियों की शुरुआत

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति को अंत नहीं, बल्कि नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। सभापति ने कहा एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन की कार्यप्रणाली में निरंतरता बनी रहती है।



### हरिवंश, देवेगौड़ा और खरगे के योगदान को अहम बताया

सभापति ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाया। उनके अनुभव और किसानों एवं ग्रामीण समुदायों के प्रति प्रतिबद्धता ने चर्चाओं को समृद्ध किया। इस दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की भूमिका को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।

**सदस्यों के स्वस्थ, सुखद और सफल भविष्य की कामना**

उन्होंने तमिल के एक भावपूर्ण वाक्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छे कार्य समय के बाद भी जीवित रहते हैं। सदस्यों की स्वस्थता की कामना की।




### लोकसभा से 8 सांसदों का निलंबन रद्द

# राहुल ने सांसदों से की मुलाकात निरस्तीकरण पर किया मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस सांसदों से मुलाकात की। यह वे सांसद हैं जिनका निलंबन मंगलवार को रद्द किया गया था। उन्होंने नई दिल्ली में उनके साथ चाय और कॉफी साझा की। यह अनौपचारिक बैठक केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से सदन में पेश किए गए प्रस्ताव के बाद 8 कांग्रेस सांसदों का निलंबन वापस लेने के एक दिन बाद हुई। यह निरस्तीकरण बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस के कुछ सदस्यों के आचरण पर कांग्रेस नेतृत्व की ओर से खेद व्यक्त करने के बाद हुआ। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फैसले के बाद सांसदों से बातचीत की। इसके साथ ही निलंबन और उसके निरस्तीकरण से संबंधित घटनाक्रमों पर चर्चा की। सांसदों ने उन्हें निलंबन की अवधि के दौरान सदन में घटी घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

### 3 फरवरी को किया था निलंबित

निलंबित सांसदों में अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, सी. किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत यदाओराव पाडोले, एस. वेंकटेश और डीन कुरियाकोस शामिल हैं, ये कांग्रेस से संबंधित हैं। लोकसभा में तीखी बहस के दौरान कार्यवाही में बाधा डालने और अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोपों के बाद 8 सांसदों को 3 फरवरी को निलंबित कर दिया गया था।

### महाराष्ट्र में 4 थर्मल स्टेशनों को उड़ा देंगे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित 4 बड़े थर्मल पावर स्टेशनों को ड्रोन से हमले की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक यह धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें इन पावर स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई है।



### वंदे भारत पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पत्थरबाजी की घटना में हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और एआई की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। कैमरे में रिकॉर्ड छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक से पकड़ने में हम कामयाब रहे। हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली जहां वह था।

### हिमाचल में कर्मचारी जींस-टीशर्ट न पहनें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी कर्मचारियों को साफ-सुथरे, औपचारिक कपड़े पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों को शर्ट-पैंट और महिला कर्मचारियों को साड़ी, सूट या अन्य परिधान के निर्देश हैं।

BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ BCA Hons. with Research (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, MPA#, BPA#
B.V.A. Painting#

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269
Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2026

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

जानकारी

इनका स्रोत, इन्हें रखने का तरीका और इस्तेमाल का क्षेत्र अलग होता है

# एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी में है बड़ा अंतर, उपयोग भी अलग

रसोई घर का सिलेंडर हो या सड़कों पर दौड़ती गाड़ियां, हम हर दिन अलग-अलग गैसों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एलपीजी, सीएनजी पीएनजी और एलएनजी के बीच का असली फर्क क्या है? अक्सर लोग इन गैसों को एक ही समझ लेते हैं। तो आइए, इसे बहुत ही सरल और सहज भाषा में समझते हैं।

**नई दिल्ली।** आज से पहले आपने घर में आने वाली एलपीजी या कार में यूज होने वाली सीएनजी गैस के बारे में सुना होगा। लेकिन, मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध से भारत में उपजे गैस संकट में आपने एलपीजी, सीएनजी पीएनजी और एलएनजी का नाम भी सुना होगा। अभी सरकार ने भी पीएनजी ग्राहकों के लिए नया आदेश जारी किया है। जिसमें सरकार ने पीएनजी कनेक्शन वालों के लिए एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी है। अब आपके मन में सवाल होगा कि ये सभी गैसें हैं, तो इनके नाम अलग क्यों हैं और इनका इस्तेमाल अलग-अलग जगह क्यों किया जाता है? दरअसल, इन गैसों का स्रोत, इन्हें रखने का तरीका और इस्तेमाल का क्षेत्र अलग होता है। इसी वजह से हर गैस की अपनी खास भूमिका होती है। इसलिए हम आज आपको यहां पर एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी और एलएनजी के बीच का असली फर्क बताने जा रहे हैं।

## नाम अलग, काम भी अलग

अगर आसान शब्दों में समझें तो इन चारों गैसों का काम अलग-अलग है। एलपीजी आमतौर पर सिलेंडर में घरों तक पहुंचती है। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए रसोई तक आती है। सीएनजी गाड़ियों को चलाने में काम आती है, जबकि एलएनजी गैस को लंबी दूरी तक पहुंचाने का एक तरीका होता है। यही वजह है कि सभी गैसें होने के बावजूद इनके नाम और यूज अलग-अलग होते हैं।



## पीएनजी का मतलब पाइपलाइन से घर तक आने वाली गैस

पीएनजी का मतलब है पाइप्ड नेचुरल गैस. यह भी एक तरह की नेचुरल गैस होती है, लेकिन इसे सिलेंडर में नहीं रखा जाता. शहरों में बिछी पाइपलाइन के जरिए यह गैस सीधे लोगों के घरों तक पहुंचती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि लोगों को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहती. गैस लगातार पाइप के जरिए आती रहती है। बड़े शहरों में अब धीरे-धीरे पीएनजी का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है और कई घरों में यह गैस रसोई तक पहुंच चुकी है।

## एलपीजी घरों की रसोई में इस्तेमाल होने वाली गैस

एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस का इस्तेमाल सबसे ज्यादा घरों में खाना बनाने के लिए किया जाता है। इसे दबाव में तरल बनाकर सिलेंडर में भरा जाता है। यही वजह है कि यह आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाई जा सकती है। देश के कई गांवों और छोटे शहरों में अभी भी रसोई गैस के रूप में एलपीजीसिलेंडर ही सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। सिलेंडर खत्म होने पर नया सिलेंडर मंगाकर गैस की सप्लाई जारी रखी जाती है।

## सीएनजी गाड़ियों के लिए बेहतर ईंधन

सीएनजी का फुल फॉर्म होता है कंप्रेस्ड नेचुरल गैस. जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से वाहनों में किया जाता है। इसे बहुत ज्यादा दबाव के बाद सिलेंडर में भरा जाता है और फिर गाड़ियों में इस्तेमाल किया जाता है। आज कई शहरों में ऑटो, टैक्सी और बसें सीएनजी से चलती हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि यह पेट्रोल और डीजल के मुकाबले कम प्रदूषण फैलाती है। इसी कारण इसे साफ ईंधन भी माना जाता है।

## एलएनजी गैस को दूर तक पहुंचाने का तरीका

एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस. इसमें नेचुरल गैस को बहुत कम तापमान पर ठंडा करके तरल रूप में बदल दिया जाता है। ऐसा करने से गैस का आकार काफी छोटा हो जाता है। इस वजह से इसे बड़े टैंकों या जहाजों के जरिए लंबी दूरी तक भेजना आसान हो जाता है। बाद में जरूरत के अनुसार इसे फिर से गैस में बदलकर इंडस्ट्री, बिजलीघरों या शहरों की गैस सप्लाई में इस्तेमाल किया जाता है।



# एलन में जेईई व नीट के बैच की तिथियों की घोषणा

**कोटा।** बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।।मुख्य रूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई] कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे।ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक [अकेडमिक व साइक्लोजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है] जिसमें बेस सब्जेक्ट व आइक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है। अधिक जानकारी एलन वेबसाइट www.allen.in से ली जा सकती है।

**ए-सेट के माध्यम से एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का अवसर**

# खय्याम, पाया और नूर... ईरान की तीन आंखों ने बढ़ाई अमेरिका की टेंशन, ऊपर से रख रहीं नजर

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बीते 15 दिनों से संघर्ष की भीषण आग सुलग रही है। बारूद की गंध और मिसाइलों के शोर के बीच यह युद्ध अब केवल जमीन और समुद्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष से भी लड़ा जा रहा है! इस युद्ध में जहां एक तरफ अमेरिका और इजरायल है तो वहीं ईरान के साथ लेबनान के हिजबुल्लाह का साथ है। इस संघर्ष में हजारों मिसाइलें और घातक ड्रोन अपनी शक्ति तो दिखा रहे हैं, लेकिन असली खेल पर्दे के पीछे से ईरान की तीन डिजिटल आंखें कर रही हैं, जिससे अमेरिका की टेंशन बढ़ गई है। हम बात कर रहे हैं खय्याम, पाया और नूर-3 की। ये तीनों सैटेलाइट के नाम हैं जो केवल ईरान की सुरक्षा ढाल बन रहे हैं, बल्कि अमेरिका के लिए बड़ी मुसीबत बन रहे हैं।मिडिल ईस्ट में छिटी इस जंग में जहां जमीन पर भीषम भारूद बरस रहा है, वहीं अंतरिक्ष से निगरानी भी हो रही है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की मिसाइल सटीकता के पीछे ईरान की तीनों सैटेलाइट का भी बड़ा रोल है। खय्याम, पाया और नूर-3 सैटेलाइट न सिर्फ इजरायल के आयरन डोम और अमेरिकी युद्धपोतों की स्थिति को ट्रैक कर रहे हैं, बल्कि दूसरे सहयोगियों को रियल टाइम में खुफिया जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं। ईरान की इन तीन डिजिटल आंखों ने युद्ध के समीकरण को पूरी तरह बदल कर रख दिया है।



## खय्याम यानी ईरान का सबसे शक्तिशाली जासूस

ईरान इस युद्ध में बहुत ही सटीक मिसाइल दाग रहा है। इसके पीछे है सटीक जानकारी, जो अंतरिक्ष से मिल रही है। ईरान के उपग्रह बेड़े में खय्याम को सबसे ताकतवर माना जाता है। साल 2022 के अगस्त महीने में रूस की सहायता से लॉन्च किए गए इस सैटेलाइट ने ईरान की इमेजिंग क्षमता को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है।

## नूर-3

ईरान अमेरिका युद्ध में नूर-3 की भूमिका बहुत अहम मानी जा रही है। नूर-2 के मुकाबले लगभग 2.5 गुना ज्यादा एडवांस इमेजिंग क्वालिटी देता है। 4.8 से 6 मीटर की रिजॉल्यूशन पॉवर के साथ यह सैटेलाइट विशेष रूप से सैन्य ठिकानों और दुश्मन के मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। इसकी सटीक निगरानी क्षमता ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए नई चुनौतियां पेश कर दी हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इंन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Ertiga
Smart Hybrid ZXI+ Model 2023
MP20-ZE-0778
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या:** 07-CEE-C-SECR-2025
**दिनांक:** 13.03.2026
**कार्य का नाम:** द.पू.म.रेलवे वडसा-गडचिरोली नई लाइन सेक्शन (नागपुर डिवीजन) में 2x25 KV AC 50Hz OHE इंस्टॉलेशन सिस्टम पर पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन के लिए डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य, जिसमें 01 TSS, 02 SSP एवं 01 SP शामिल हैं।
**निविदा मूल्य:** रु. 27,30,54,100.18 (रुपये सत्ताईस करोड़ तीस लाख चौवन हजार एक सौ और अठारह पैसे मात्र) **ईएमडी:** रु. 15,15,300/- (रुपये पंद्रह लाख पंद्रह हजार तीन सौ मात्र) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 09.04.2026 को 15:30 बजे तक।
**कार्य पूर्ण करने की अवधि :** LOA जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) माह।
**वेबसाइट विवरण एवं नोटीस बोर्ड का स्थान :** ई-निविदा दस्तावेज़, पात्रता मानदंड तथा उपरोक्त कार्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिए कृपया निविदा दस्तावेज़ देखें/डाउनलोड करें, जो हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है: http://www.ireps.gov.in

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
AAA/83/353 द.पू.म., रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


**एएएचएल के एयरपोर्ट्स पर प्री-ऑर्डर शॉपिंग से हर 100 खर्च पर 5 इंडिगो ब्लूचिप्स, यात्रियों को मिलेगा बेहतर डिजिटल अनुभव**

# इंडिगो–अदाणी एयरपोर्ट साझेदारी: अब ड्यूटी-फ्री खरीदारी पर मिलेंगे ब्लूचिप्स

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख एयरलाइन IndiGo और देश की सबसे बड़ी निजी एयरपोर्ट ऑपरेटर Adani Airport Holdings Limited ने यात्रियों के लिए एक नई रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल के तहत इंडिगो ब्लूचिप के सदस्य अब एएएचएल द्वारा संचालित एयरपोर्ट्स पर ड्यूटी-फ्री खरीदारी करने पर भी रिवॉर्ड पॉइंट्स अर्जित कर सकेंगे।

नई सुविधा के अनुसार, यात्री अदाणी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए ड्यूटी-फ्री प्रोडक्ट्स को पहले से ऑनलाइन देख, बुक और भुगतान कर सकते हैं और एयरपोर्ट पर आसानी से उन्हें प्राप्त कर सकते हैं। इस पर हर 100 खर्च करने पर 5 इंडिगो ब्लूचिप्स मिलेंगे, जो 24–48 घंटे में खाते में जुड़ जाएंगे। इंडिगो के चीफ डिजिटल एवं इंफॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा कि यह साझेदारी ग्राहकों को उड़ान से आगे बढ़कर अतिरिक्त लाभ देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, एएएचएल के नॉन-एरो सीईओ सुचित बंसल के अनुसार, यह पहल एयरपोर्ट शॉपिंग को डिजिटल और सुविधाजनक बनाएगी। फिलहाल यह सुविधा Mumbai, Ahmedabad, Thiruvananthapuram, Jaipur, Mangaluru और Lucknow के एयरपोर्ट्स पर उपलब्ध है, जबकि जल्द ही Lokpriya Gopinath Bordoloi International Airport और Navi Mumbai International Airport पर भी इसे शुरू किया जाएगा।


LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500009342 | श्री डेनिस नोएलक, मकान नंबर 457/टी, पानी की टंकी के पास, मंडला रोड, बिलहरी, तहसील एवं जिला जबलपुर | प्लॉट नंबर एफ/6 का दक्षिणी भाग, सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति, खसरा नंबर 39,45,43,44 और 70 का हिस्सा, मौजा टेमर, एनबी 250, पटवारी हल्का नंबर 57, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 66, जबलपुर, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 600 वर्गफीट। सीमाएँ – पूर्व में प्लॉट नंबर एफ/7 से घिरा, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में सोसायटी की खुली जमीन। | 20.02.2025 / 17.03.2026 सांकेतिक कब्ज़ा | 31,46,771.13/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500006673 | श्री अशोक कुमार अहिरवार श्रीमती अनीता अहिरवार पता प्लॉट नंबर 146, स्टार सिटी फेज –4, मौजा करमेता, तहसील पनागर, जबलपुर, म. प्र. | प्लॉट नंबर 146, स्टार सिटी फेज 4, खसरा नंबर 61,62,51/1,51/2,54,50/2,55 का हिस्सा, मौजा करमेता, एनबी 497, पटवारी हल्का नंबर 26/23, नया 78, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जबलपुर, मध्य प्रदेश, एरिया 800 वर्गफीट सीमाएँ – पूर्व में – 25 फीट चौड़ी सड़क पश्चिम में – खुली जमीन उत्तर में – प्लॉट नंबर 147 दक्षिण में – प्लॉट नंबर 145 | 12.12.2025 / 17.03.2026 सांकेतिक कब्ज़ा | 12,36,759.17/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 120500010103 | श्री दिलीप विश्वकर्मा पता प्लॉट नंबर 204 और 205, एमपी हाउसिंग बोर्ड, सुभाष नगर, नया वार्ड नंबर 75, महाराजपुर, जबलपुर, एमपी। | प्लॉट नं. 204 और 205, एमपी हाउसिंग बोर्ड, सुभाष नगर, न्यू वार्ड नं. 75, महाराजपुर, जबलपुर, मध्यप्रदेश। कुल प्लॉट एरिया 61.20 वर्गमीटर। सीमाएँ – उत्तर में – प्लॉट नं. 203, दक्षिण में – प्लॉट नं. 206, पूर्व में – साइड रोड, पश्चिम में – प्लॉट नं. 250 और 249। | 13.05.2025 / 13.03.2026 सांकेतिक कब्ज़ा | 1,356,533.11/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (**Notice**) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : **19.03.2026**
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.


## शब्द पहेली - 6169



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6168 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6179

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL BENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6178 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# रियल मैड्रिड से हारकर मैनचेस्टर सिटी बाहर, क्वार्टर फाइनल में आर्सेनल और पीएसजी



## यूईएफए चैंपियंस लीग में बड़े उलटफेर, रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर ने दागे 2 गोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे।

विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।



"जीत के बाद विनीसियस ने कहा, पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था।"

– विनीसियस

### आर्सेनल ने लेवरकुसेन को 2-0 से हराया

*दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई। बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई। डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन ने चेल्सी को 3-0 से हराकर कुल स्कोर 8-2 से एकतरफा जीत दर्ज की। ब्रैडली बारकोला और सेनी मायुलु ने अहम गोल कर टीम को आसानी से अगले दौर में पहुंचाया।*

## खबर संक्षेप

### भारत को थॉमस और उबेर कप में मिले मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने ड्रॉ की घोषणा की। थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप 'ए' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था।

### अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दुर्गेश्वर ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के दुर्गेश्वर सिंह ने यूनान के एथेंस में आयोजित छठी एक्रोपोलिस अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल सिंह ने 90 किग्रा वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया गया, जिसमें 19 देशों के 1100 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### शीर्ष-10 का सफर अधिक मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं, जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने कहा, 'मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था, जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।'

## आईपीएल 2026: कमिंस की अनुपलब्धता के कारण किशन को मिली जिम्मेदारी

# इशान को मिली सनराइजर्स की कमान चोटिल कमिंस शुरुआती मैचों से बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 10 दिन में होनी है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने शुरुआत कुछ मैचों के लिए इशान किशन को कप्तान बनाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण इशान को यह जिम्मेदारी मिली है, जबकि अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान बनाया गया है। कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

### चोट से उबर रहे कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस की अनुप्लब्धता में इशान को कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए कहा, 'पैट कमिंस चोट से ठीक होने के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह उबर नहीं हो जाते, इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप-कप्तान होंगे।' आईपीएल 2028 की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।



### चिन्नास्वामी में होगा इशान की कप्तानी का डेब्यू

इशान किशन का आईपीएल में कप्तानी का डेब्यू बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इशान कितने मैचों में कप्तानी करेंगे यह अभी साफ नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने यह जानकारी नहीं दी है कि पैट कमिंस कितने मैचों तक अनुपलब्ध रहेंगे। इशान किशन को पिछले साल मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी की थी और पहले ही मैच में शतक जड़ा था। हालांकि, इसके बाद उनका बल्ला नहीं चला। उन्होंने सीजन में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 354 रन बनाए। उनका औसत 35.40 और स्ट्राइक रेट 152.59 का रहा था।

### इशान की भारतीय टीम में वापसी

इशान किशन के लिए बीते कुछ महीने शानदार रहे हैं। इशान ने दिसंबर में अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। इशान ने फाइनल में शतक जड़ा था। इसके बाद उनकी भारत की टी20 टीम में वापसी हुई। वह टी20 वर्ल्ड कप भी खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरी ही सीजन में मिली कप्तानी

आईपीएल 2026 ईशान किशन का सनराइजर्स हैदराबाद के साथ दूसरा सीजन होगा। इसके बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके पीछे उनकी हालिया कप्तानी सफलता को भी बड़ी वजह माना जा रहा है। किशन ने घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए पिछले सीजन टीम को खिताब जिताया था।

### जुलाई 2025 से कमिंस मैदान से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की बात करें तो वे पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। जुलाई 2025 से कमिंस इंजर्ड हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू एशेज टेस्ट सीरीज़ के दौरान सिर्फ तीसरा टेस्ट मैच खेला था। दिसंबर के बाद वे फिर बाहर हो गए और तब से रिकवरी कर रहे हैं। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया में रिहैब कर रहे हैं और आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण को मिस कर सकते हैं।

## क्रिकेट

# पंजाब किंग्स टीम को लेट ज्वाइन करेंगे यानसेन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था, जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में हुई देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी। यह देरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दुबई और अबु धाबी जैसे बड़े हवाई अड्डों पर सीमित उड़ानों की वजह से हुई थी।

### यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे

पंजाब किंग्स टीम के अहम सदस्य यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग और अधिकतर विदेशी खिलाड़ी 21 मार्च को टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई 23 मार्च को काबुल से टीम के साथ जुड़ेंगे। उनका देश इस समय पाकिस्तान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। पंजाब किंग्स के साथ अपने पहले ही साल में पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पिछले सत्र में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। यह 2014 के बाद टीम का पहला फाइनल था। एक सूत्र ने बताया, ' रिकी अपने खिलाड़ियों का पूरा साथ देते हैं। यह देखते हुए कि मार्को भारत से देर से रवाना हुए थे, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का पूरा मौका मिलना चाहिए।' इस लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पिछले सत्र में 9.20 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट लिए थे।अय्यर के 19 मार्च को टीम के साथ जुड़ने की उम्मीद है।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारतीयों का जलवा, संजू-तिलक को फायदा, अभिषेक नंबर वन



एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से विश्व कप खत्म होने के बाद दूसरे हफ्ते भी रैंकिंग अपडेट कर दी गई हैं। ताजा रैंकिंग में भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा है। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कमाल दिखाया है। अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर बरकरार हैं और इशान किशन भी दूसरे नंबर पर हैं। साथ ही तिलक वर्मा और संजू सैमसन को एक-एक स्थान का फायदा हो गया है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती दूसरे पर ही हैं।

वनडे टीम रैंकिंग में बांग्लादेश अब 10वें से 9वें स्थान पर आ गई है। अगर टी20 के नंबर 1 गेंदबाज की बात करें तो राशिद खान नंबर 1 पर काबिज हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह नंबर 6 से नंबर 5 पर आ गए हैं। वहीं बल्लेबाजी में तिलक वर्मा अब 7वें से छठे और संजू सैमसन 22वें से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### ऑलराउंडर्स में सिकंदर रजा टॉप पर



टॉप 10 गेंदबाजों में वरुण और बुमराह ही सिर्फ भारत की तरफ से मौजूद हैं। वहीं टॉप 10 बल्लेबाजों में अभिषेक, इशान, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके अलावा टॉप 10 ऑलराउंडर्स में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा टॉप पर हैं। भारत के एकमात्र हार्दिक पंड्या टॉप 10 में मौजूद हैं और दूसरे स्थान पर हैं।

### टीम रैंकिंग में भारत नंबर 1 पर काबिज

टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर काबिज है। पाकिस्तान को सीरीज हराकर बांग्लादेश अब वनडे टीम रैंकिंग में 10वें से 9वें स्थान पर पहुंची। जबकि पाकिस्तान चौथे पर ही मौजूद है। वेस्टइंडीज अब वनडे में 10वें नंबर की टीम बन गई है। इसके बाद आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी विंडीज की चिंता बढ़ गई है

### हंपी असमंजस में, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भागीदारी पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेने को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति में हैं और उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं को फिर से दोहराया है। विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है। हंपी ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने अपना समर्थन दिया है। जो लोग इस स्थिति की संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते मैं उनके लिए बात यहीं छोड़ देती हूं।'



# विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन के लिए मारिन ने बनाई योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं।

विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने कहा, 'हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'ये पूर्व निर्धारित मुकाबले और हमारे शिविर मिलकर हमें विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए तैयार होने के लिए मैच और ट्रेनिंग का एक बहुत अच्छा मेल देते हैं।'विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। इस ग्रुप में चीन दुनिया की चौथी नंबर की टीम है। इंग्लैंड की रैंकिंग छठी है जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और 19वें स्थान पर हैं। मारिन ने कहा, 'यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी और संतुलित पूल है। इसमें इंग्लैंड और चीन जैसी टीमें हैं जो अलग-अलग शैली और बहुत सारा अनुभव लेकर आती हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका हमेशा अप्रत्याशित होती है और अपने दिन पर खतरनाक साबित हो सकती है।'



## महिला एशियाई कप : खिताब के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और जापान

# जापान ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶ सिडनी

जापान की महिला फुटबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा, जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई।

पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से



### 21 मार्च को सिडनी में फाइनल मुकाबला

फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है। वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।




## याचिका दायर कर लगाया आरोप, 26 मार्च को होगी सुनवाई

# हाईकोर्ट जज से संपर्क करने की कोशिश न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास

**हरिभूमि जबलपुर।**

कटनी निवासी युवक ने जिले के विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक हाईकोर्ट के एक जज से संपर्क करने की कोशिश के मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के समक्ष एक याचिका दायर की है। याचिका में विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई 26 मार्च को निर्धारित की है।

कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि विधायक ने हाईकोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। याचिका में यह भी कहा गया है कि पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी।



इसी दौरान एक सितंबर 2025 को जस्टिस मिश्रा ने स्वयं इस बात का खुलासा किया था कि विधायक द्वारा उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी। जस्टिस मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था। याचिका में कहा गया कि इस पूरे मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

हाईकोर्ट ने जताई हैरानी, ईओडब्ल्यू डीजी व उनके विधिक सलाहकार से मांगा जवाब

## 1996 में जन्मे व्यक्ति की 1997 से संपत्ति की जांच किस आधार पर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अनुपातहीन संपत्ति के एक मामले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की कार्यप्रणाली पर हैरान जताई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की डिवीजन बेंच ने पूछा कि जब याचिकाकर्ता का जन्म 1996 में हुआ और उसे नौकरी 2023 में मिली , तो फिर 1997 से 2021 तक की संपत्ति की जांच किस आधार पर की जा रही है ? कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के डीजी और उनके विधिक सलाहकार से इस संबंध में 7 दिन के अंदर जवाब देने को कहा है।

छतरपुर निवासी कृष्ण प्रताप सिंह चंदेल की ओर से याचिका दायर की गई। कहा गया है कि उसका जन्म 1996 में हुआ और उसे सरकारी नौकरी 2023 में मिली। इसके बावजूद ईओडब्ल्यू ने 1 अप्रैल 1997 से 31 मार्च 2021 तक की अवधि को चेक पीरियड बताते हुए उसकी संपत्ति की जांच शुरू कर दी।तर्क दिया गया कि इस अवधि में वह नाबालिग था और किसी भी सरकारी सेवा में नहीं था। ऐसे में इस अवधि की संपत्ति को आय से अधिक कैसे माना जा सकता है? यह भी बताया गया कि मूल एफआईआर याचिकाकर्ता के भाई के खिलाफ दर्ज हुई थी। भाई समिति प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ याचिकाकर्ता का नाम भी जोड़ दिया गया। इसी आधार पर याचिकाकर्ता को नौकरी से हटा दिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हाउस कीपिंग के लिए जारी नए टेंडर की प्रक्रिया स्थगित

**हाईकोर्ट का निर्देश, टीकमगढ़ जिले का मामला**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने टीकमगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हाउसकीपिंग सुविधाओं के लिए जारी नए टेंडर की आगामी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने डायरेक्टर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, कलेक्टर व सीएमएचओ टीकमगढ़ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। टीकमगढ़ निवासी क्षितिज तिवारी की ओर से अधिवक्ता अमित सिंह ने बताया कि याचिकाकर्ता ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया और उसे सफल घोषित किया गया। याचिकाकर्ता को 11 फरवरी 2026 को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। समझौते के अनुसार याचिकाकर्ता को प्रदर्शन गारंटी प्रस्तुत करने कहा गया। दलील दी गई कि पोर्टल में कुछ तकनीकी समस्या के कारण याचिकाकर्ता प्रदर्शन गारंटी जमा नहीं कर सका। उन्होंने आवेदन देकर कुछ समय मांगा और अगले ही दिन प्रदर्शन गारंटी जमा कर दी। इसके बावजूद विभाग द्वारा याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी किए बिना और उसकी शिकायतों पर विचार किए पूरी निविदा प्रक्रिया रद्द कर दी। अधिकारियों ने अब एक नई निविदा जारी की है, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

**बैंक पहुंचे वृद्ध के साथ 2 युवकों ने की जालसाजी**

# ऊपर नीचे नोट लगाकर बीच में भर दिए कागज

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत सुहागी स्थित स्टेट बैंक की शाखा में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग को ठग लिया। युवकों ने चालाकी से नोटों की गड्डी में कागज भरकर बुजुर्ग को थमाया और 98 हजार रुपए लेकर चंपत हो गए। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए। घटना मंगलवार की दोपहर की बताई गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि सुहागी निवासी 64 वर्षीय वृद्ध गुरुदत्त केवट मंगलवार दोपहर अकेले ही बैंक चले गए. अंदर जाने के बाद जब वह फार्म भरने के लिए आसपास किसी को देख रहे थे. इस दौरान पीली शर्ट पहनने वाला युवक पास आया और मदद करने को कहा. दूसरा ठग भी वहीं था. बुजुर्ग ने ठग को रुपए निकालने का फार्म और पासबुक दे दिया. थोड़ी देर बाद युवक ने फार्म भरकर गुरुदत्त को दे दिया. लाइन नें लगने के बाद जब बुजुर्ग को 98 हजार रुपए मिल गए तो दोनों ठग उनके पास पहुंचे और साथ में ही बैंक से बाहर आ गए. ठगों की चालाकी से बेखबर वृद्ध जब घर पहुंचे तो देखा कि सिर्फ एक नोट ऊपर और एक नोट नीचे का असली था. बाकी सारे कागज के टुकड़े. पीड़ित वृद्ध अपने बेटे के साथ आधारताल थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई. इसके बाद आधारताल पुलिस बैंक पहुंची और अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बुजुर्ग के आसपास दो युवकों को देखा जो उनसे बात भी कर रहे हैं. पुलिस का कहना है कि ठगों की शिनाख्त कर ली गई है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### दो संदिग्धों की शिनाख्त

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं, जिसमें दोनों संदिग्ध जालसाज वृद्ध के साथ बातचीत करते और गड्डी बदलते हुए कैद हुए हैं। अधारताल पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की शिनाख्त शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में भी लगे कैमरों की जांच की जा रही है ताकि आरोपियों के भागने के मार्ग का पता लगाया जा सके। पुलिस का दावा है कि हुलिए के आधार पर जल्द ही दोनों ठगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैग से जेवर व नगदी पार

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत एक सोना व्यापारी ने अपने कर्मचारी पर ही एक लाख 80 हजार रुपए नगद और सोने चांदी के जेवर से भरा बैग लेकर भागने का आरोप लगाया है। इस आशय की शिकायत पर पाटन पुलिस मामलें की जांच कर रही है। दरअसल सराफा कारोबारी अमित उर्फ गोलू अपने कर्मचारी सुमित यादव को साथ लेकर कारोबार के सिलसिले में शहर आया था। उसके बैग में एक लाख 80 हजार रुपए नगद, सोने, चांदी के जेवर रखे थे। जब वह घर आया तो देखा कि बैग से नगदी व जेवर गायब है। सराफा कारोबारी ने कर्मचारी सुमित से पूछताछ की तो वह इंकार कर टालमटोल करने लगा। इसके बाद गया तो लौटकर नहीं आया। इसके बाद संदेह गहराने पर सराफा कारोबारी ने संदेह होने पर पाटन थाना में शिकायत की,जिसपर पुलिस ने मामले में जांच शुरु कर दी है।

## रानीताल पेट्रोलपंप के पास हादसा

# फ्लाईओवर से गिरकर युवक की मौत

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत रानीताल पेट्रोलपंप और हनुमान मंदिर के बीच फ्लाईओवर ब्रिज से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की या दुर्घटना का शिकार हुआ यह अभी जांच का विषय है। मृतक के जेब से एक वाहन की चाबी मिली है।

घटना के संबंध में लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंचला बाई कॉलेज वाली लाइन में फ्लाईओवर ब्रिज से उल्टा होकर गिरा। गिरने की तीव्रता इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर चारों ओर खून के धब्बे फैल गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसी के साथ फ्लाईओवर के नाम यह पहली घटना दर्ज हो गई।



### सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है

फिलहाल मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जाँच कर रही है। युवक गिरा या किसी दुर्घटना का शिकार हुआ या उसे ब्रिज से फेंका गया, इन तमाम पहलुओं पर मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही हैं।

## पिकअप वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति और बेटा घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम तिलसानी में एक लोडिंग पिकअप वाहन ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक महिला की मौत हो गई वहीं महिला का पति व पुत्र घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरमाई मोहल्ला पड़वार बरेला निवासी 30 वर्षीय प्रियंका काछी अपनी बहन सबनम कुशवाहा के यहां ग्राम भटकमा में जन्मदिन समारोह में शामिल होकर ग्राम पडवार अपने पति अजय कुशवाहा और पुत्र हिमांशु कुशवाहा के साथ मोटरसायकिल में लौट रही थी। रास्ते में कुंडम के पास ग्राम तिलसानी में पीछे से आ रही लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीए 4165 का चालक ने तेज गति से टक्कर मारी, इस हादसे में प्रियंका की मौत हो गई और उसके पति अजय व बेटे हिमांशु को गंभीर चोटें आ गई। रिपोर्ट पर धारा 281, 125ए, 106 (1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत शास्त्रीनगर चौक के पास पुरानी रंजिश पर दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरमठ क्रेसर बस्ती तिलवारा निवासी 23 वर्षीय करन बर्मन गत रात लगभग 8.30 बजे अपने साथी प्रहलाद विश्वकर्मा की बाईक में बैठकर सगड़ा चाय पीने गया था जहां से घर वापस आते समय शास्त्रीनगर चौक के पास अनुराग ठाकुर और राज वासनिक स्कूटी से आए और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करते हुए अनुराग ठाकुर ने उस पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया।




## पत्नी ने मझौली थाने में दर्ज कराया

# पति और सुनार ने मिलकर हड़प लिए 48 लाख के जेवर

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत रामनगर कालोनी निवासी एक महिला के पति ने सुनार के साथ मिलकर पत्नी का 32 तोला सोना हड़प लिया। जब महिला को अपना सोना वापस नहीं मिला तो उसने मझौली थाने में लिखित शिकायत दी, इसके बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है। वर्तमान में जेवर की कीमत 48 लाख रुपए आंकी गई है।

मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मझौली की रामनगर कालोनी निवासी रेखा राय वर्तमान में धनी की कुटिया के पास अधारताल निवास कर रही है। रेखा ने मझौली थाने में एक लिखित शिकायत की है कि उसके घर की आर्थिक परिस्थितियों के कारण वह एवं उसके पति शशिकांत साहू ने प्रहलाद सोनी के यहां वर्ष 2023 में आर्थिक तंगी के कारण 32 तोला सोने के जेवर के एवज में पैसे लिये थे। वर्ष 2025 में 7 लाख 24 हजार रूपये की राशि वापस करने प्रहलाद सोनी के घर गई। प्रहलाद सोनी ने बताया कि शशिकांत साहू आपके सभी जेवर ले गये हैं। रेखा ने जब अपने पति शशिकांत साहू से पूछा, तो उन्होंने बताया कि जेवर नहीं लाए। बाद में 1 लाख रूपये उसने लिया था, इसके बाद वह प्रहलाद सोनी के पास कई बार जेवर लेने गई। उसके पति ने प्रहलाद सोनी का सहयोग कर दोनों ने उसके सोने के जेवर को हड़प लिये। जेवर मांगने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हैं। लिखित शिकायत जांच दौरान रेखा राय, शशिकांत साहू, प्रहलाद सोनी के कथन लेख किये गये। रेखा राय द्वारा दस्तावेज नोटरी शपथ पत्र की छायाप्रति पेश की गई। कथन एवं दस्तावेज के अवलोकन पर आरोपी शशिकांत साहू एवं प्रहलाद सोनी के विरूद्ध धारा 316(2) के तहत अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है।

## स्कूल–प्रकाशक–दुकान गठजोड़ पर उठे सवाल

# निजी स्कूलों में पुस्तकों पर कमीशन

**जबलपुर।** शहर के निजी स्कूलों में किताबों के चयन और वितरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। अभिभावकों की लगातार शिकायतों के बाद अब यह मामला कमीशन के खेल के एंगल से देखा जा रहा है। आरोप हैं कि कुछ स्कूल प्रबंधन, चुनिंदा प्रकाशकों और सीमित पुस्तक विक्रेताओं के बीच ऐसा गठजोड़ काम कर रहा है, जिससे अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के कई निजी स्कूलों में रत्ना सागर प्राइवेट लिमिटेड, स्काई पब्लिकेशन, आवर्तन पब्लिकेशन और जूम पब्लिकेशन की किताबें अनिवार्य रूप से लागू की गई हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने अन्य प्रकाशकों के विकल्प उपलब्ध नहीं कराए और न ही ओपन मार्केट से खरीदने की स्पष्ट अनुमति दी। नियमों के मुताबिक, स्कूलों को सत्र शुरू होने से पहले पुस्तक सूची सार्वजनिक करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अभिभावक किताबें किसी भी अधिकृत विक्रेता से खरीद सकें। लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है।

### सीमित दुकानों तक सप्लाई से बढ़ीं कीमतें



मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है। संबंधित प्रकाशकों द्वारा किताबों की आपूर्ति केवल कुछ चुनिंदा दुकानों तक सीमित रखी गई है। सामान्य पुस्तक विक्रेताओं के पास संबंधित किताबें उपलब्ध नहीं हैं, जिससे बाजार में कृत्रिम कमी की स्थिति बन गई है। अभिभावकों का आरोप है कि जब विकल्प सीमित हो जाते हैं तो दुकानदार मनमाने दाम वसूलते हैं। कुछ मामलों में एक ही विषय की अलग-अलग वर्कबुक और प्रैक्टिस बुक भी अनिवार्य कर दी गई हैं, जिससे कुल खर्च कई हजार रुपये तक पहुंच रहा है।

### कमीशन मॉडल की आशंका

सूत्रों का कहना है कि यह पूरा तंत्र "कमीशन मॉडल" पर आधारित हो सकता है, जहां प्रकाशक और दुकानदार स्कूल प्रबंधन को आर्थिक लाभ पहुंचाते हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अभिभावकों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि किताबों के चयन में शैक्षणिक गुणवत्ता से ज्यादा आर्थिक हित हावी हैं।

### छोटे पुस्तक विक्रेताओं को नुकसान

इस व्यवस्था से शहर के छोटे और स्वतंत्र पुस्तक विक्रेताओं को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि जब सप्लाई केवल विशेष दुकानों तक सीमित रहती है तो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाती है और बाजार एकाधिकार की ओर बढ़ता है।

### प्रशासन का सख्त रुख

मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि गड़बड़ी करने वाले प्रकाशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा है कि यदि जांच में स्कूलों की मिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित प्रबंधन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की मनमानी या आर्थिक शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### जुर्माने से ज्यादा वसूली करते पकड़े गए

# जिला अदालत में पुलिस कर्मी खुद बने अधिवक्ता

हरिभूमि जबलपुर।




जिला अदालत में पुलिसकर्मी स्वयं अधिवक्ता बनकर चालान मामलों में जुर्माने से अधिक राशि वसूलते पकड़े गए हैं। वकीलों का आरोप है कि उन्होंने आनलाइन फाइन जमा किया। कोर्ट नंबर दो, सीजेएम के समक्ष सात समरी ट्रायल मामलों में गड़बड़ी सामने आई है। पकड़े जाने पर पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता किए जाने का आरोप लगा है। दरअसल, अधिवक्ताओं ने पहले भी इस तरह की शिकायतें उठाई थीं। साथ ही वीडियो भी बनाया था। एक बार फिर कोर्ट ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक बार फिर अधिवक्ताओं ने रंगे हाथ पकड़ कर विरोध जताया है। अधिवक्ताओं ने चालान ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर अधिवक्ता की भूमिका निभाते हुए पकड़ा। उनका आरोप है कि पुलिसकर्मी न सिर्फ चालान पेश कर रहे थे, बल्कि पक्षकारों से सीधे संपर्क कर पूरे केस की प्रक्रिया स्वयं संभाल रहे थे। पुलिसकर्मी श्रीकांत गुर्जर (आबकारी) और श्वेता ठाकुर पर आरोप लगा कि उन्होंने निर्धारित जुर्माना राशि से अधिक पैसे पक्षकारों से लिए। इसके बाद वे स्वयं ही आनलाइन माध्यम से जुर्माना जमा कर रहे थे, जो कि स्थापित प्रक्रिया के विपरीत बताया जा रहा है। जिन मामलों में अनियमितता सामने आई, उनमें अंकित उर्फ बहादुर, सुनीता केवट, महेंद्र बर्मन, छोटे यादव, कंधीलाल यादव, अनिल बारी और किरन कोल के नाम शामिल हैं। इन सभी मामलों में 500 से 1000 रुपये तक के जुर्माने निर्धारित थे, लेकिन आरोप है कि इनसे अधिक राशि ली गई। जब अधिवक्ताओं ने इस पूरे मामले का विरोध किया और पुलिसकर्मियों को रोका, तो आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने अभद्रता की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। लंबे समय से यह शिकायत सामने आ रही थी कि कोर्ट में तैनात कुछ पुलिसकर्मी जमानत और चालान मामलों में खुद ही अधिवक्ता बनकर आरोपितों से डील करते हैं और उन्हें वकील की जरुरत न होने का झांसा देते हैं। कोर्ट लिपिकों की मिलीभगत की भी आशंका उठाई जा रही है। यह घटनाक्रम के सामने आने के बाद अब अदालत परिसर के भीतर काम करने वाले कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिना अंदरुनी मिलीभगत के इस तरह की प्रक्रिया संभव नहीं है, जिससे पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

## विश्व प्रसिद्ध चौसठ योगिनी मंदिर पर फिल्माए गए छेड़छाड़ के सीन

**अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में परिवाद दायर कर लगाया आरोप, कोर्ट ने थाना प्रभारी गोरखपुर से मांगा जांच प्रतिवेदन**

**जबलपुर।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को लेकर प्रसारित टीवी धारावाहिक लक्ष्मी निवास में कथित आपत्तिजनक दृश्य फिल्माए जाने के मामले में दायर परिवाद पर जिला न्यायालय ने गंभीर रुख अपनाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुभांगी पालो की कोर्ट ने परिवाद पर सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी गोरखपुर से विस्तृत जांच प्रतिवेदन तलब किया है। 9 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता विवेक तिवारी ने परिवाद में कहा है कि लक्ष्मी निवास टीवी धारावाहिक में विश्व प्रसिद्ध चौसठ योगिनी मंदिर भेड़ाघाट एवं ग्वारीघाट जैसे पवित्र स्थलों को पृष्ठभूमि बनाकर आपत्तिजनक एवं अशोभनीय दृश्य फिल्माए और प्रसारित किए गए हैं। मंदिर परिसर के भीतर छेड़छाड़ जैसे दृश्य दिखाए गए, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उक्त दृश्य सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए, जिसके चलते आमजन में आक्रोश की स्थिति बनी। इस संबंध में पहले थाना गोरखपुर एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली गई।मामले में टीवी धारावाहिक के निर्माता, निर्देशक एवं संबंधित चैनल के अधिकारियों को अनावेदक बनाया गया है। भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध का संज्ञान लेने की मांग की गई है।

### डायवर्जन शुल्क नहीं चुकाने पर प्रशासन सख्त, लेन-देन पर पूरी तरह रोक

# जबलपुर में बड़ी राजस्व कार्रवाई : होटल गुलजार और मेथोडिस्ट चर्च की संपत्तियां कुर्क

हरिभूमि जबलपुर।

जिले में भू-राजस्व वसूली को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोरखपुर स्थित होटल गुलजार और हवाबाग स्थित मेथोडिस्ट चर्च की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। डायवर्जन शुल्क की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर यह सख्त कदम उठाया गया है।

अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत के निर्देश पर राजस्व विभाग ने बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए यह कार्रवाई की। कुर्की के साथ ही संबंधित संपत्तियों के क्रय-विक्रय, पट्टा, अनुबंध सहित सभी प्रकार के संव्यवहार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### होटल गुलजार पर 8.50 लाख बकाया

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह ने बताया कि होटल गुलजार के संचालक संजय भाटिया और गुलजारी लाल भाटिया पर 8 लाख 50 हजार रुपये का डायवर्जन शुल्क लंबित है। कई बार नोटिस और मांग पत्र जारी किए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं होने पर अचल संपत्ति कुर्क कर दी गई है। इसी क्रम में हवाबाग स्थित मेथोडिस्ट चर्च पर करीब 15 लाख रुपये का डायवर्जन शुल्क बकाया पाया गया। राशि जमा नहीं करने पर बुधवार को चर्च की संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया।


### अब अगला कदम—नीलामी

राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जिससे भू-राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जा सके।

### बकायादारों में हड़कंप

प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद बड़े बकायादारों में हड़कंप की स्थिति है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य बकायादारों पर भी इसी तरह की कार्रवाई तेज की जाएगी।

## ईद का चाँद आज नज़र आने की उम्मीद



**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 19 मार्च जुमेरात मुताबिक 29 रमजान को ईद उल फित्र का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके।सूपाताल और मदन महल दरगाह पर अफ्तार-ए-आम आजमदरसा अहले सुन्नत गढ़ा की जानिब से आज 29वें रोज़े जुमेरात को सूपाताल स्थित मस्जिद गुलशन-ए-तैयबा में अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है। हाजी इशाक, हाफिज नूरुल इस्लाम, हाफिज असद कर्बलाई आदि ने रोज़ेदारो से शिरकत की गुजारिश की है। इसी क्रम में मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीरान-ए-पीर की दरगाह में भी आज जुमेरात को अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है, जिसमें सभी से शिरकत की अपील की गई है।

## संविदा कर्मी का आरोप एमपीएमएसयू के एक अधिकारी दे रहा धमकी

**जबलपुर।** मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) के स्थापना शाखा प्रभारी पर एक संविदा कर्मी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में पीड़ित संविदा कर्मी डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रवीण कुमार सेन ने एमपीएमएसयू कुलगुरू और कुलसचिव को शिकायत दी हैं। शिकायत में प्रवीण ने कहा है कि उसके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत जानकारी मांगी थी जिसके बाद उसके साथ यह हुआ। शिकायत में प्रवीण कुमार सेन ने कहा कि वह वर्तमान में एमपीएमएसयू में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। उसके द्वारा आर.टी.आई. के माध्यम से चाही गई जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आती हैं। चाही गई जानकारी स्थापना शाखा से संबंधित है। आवेदन देने के पश्चात स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी द्वारा उसे आर. टी.आई लगाए जाने के कारण अपने केबिन में बुलाकर देते हुए मौखिक रूप से चाही गई जानकारी न देने की बात कही गई यही नहीं प्रभारी अधिकारी द्वारा कथित तौर पर धमकी देते हुए नौकरी से निकाले जाने की बात कही गई। पीड़ित कर्मी ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने जबलपुर के 30 वर्ष पुराने भूमि विवाद का किया निराकरण, सिद्धांत प्रतिपादित किया-नानी की संपत्ति पर कोई जन्मजात अधिकार प्राप्त नहीं होता**

# पैतृक संपत्ति वह है जो पिता, दादा या परदादा से विरासत में मिली हो



**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने जबलपुर के 30 वर्ष पुराने भूमि विवाद का निराकरण कर दिया। जस्टिस राजेश बिंदल व जस्टिस विजय बिश्नोई की खंडपीठ ने साफ किया कि पैतृक संपत्ति वह है जो पिता, दादा या परदादा से विरासत में मिली हो। शीर्ष अदालत ने यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया कि नानी की संपत्ति पर को कोई जन्मजात अधिकार प्राप्त नहीं होता। लिहाजा, पिता को इसे बेचने या किसी को भी देने का पूर्ण कानूनी हक है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रकरण में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व आदेश में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए जबलपुर निवासी रश्मि अवस्थी की अपील को निरस्त कर हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमें इस मामले में ऐसा कोई आधार नहीं मिला, जिसके तहत हाई कोर्ट के पूर्व आदेश में हस्तक्षेप किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में हाई कोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी की थी कि जहां एक ओर बेटी रश्मि, उसके भाई राजेश और मां गीता कोर्ट में अपने हक की गुहार लगा रहे थे, वहीं दूसरी ओर अपील लंबित रहने के दौरान पिता की मृत्यु होते ही रश्मि ने अपनी मां और भाई के साथ मिलकर उसी विवादित जमीन के तीन हिस्से मेसर्स बालाजी गोल्डन टाउन, शकुन राय और शाहिदा नाज को गुपचुप तरीके बेच डाले, जो कि केवल खरीदार जबलपुर निवासी सुभाष चंद्र केसरवानी को उसके वास्तविक कानूनी हक से वंचित करने की दुर्भावनापूर्ण कोशिश थी1

### क्या था मामला

1995 में दीक्षितपुरा निवासी योगेश कुमार अवस्थी ने रेंगवा आधारताल की बेशकीमती दो एकड़ जमीन को बेचने का सौदा सुभाष चंद्र केसरवानी के साथ किया था। लेकिन बाद में वे इस सौदे से मुकर गए तो से विवाद शुरू हो गया और मामला लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक गया। लेकिन हर स्तर पर फैसला खरीदार केसरवानी के पक्ष में हुआ। फिर जब ज़मीन पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हुई, तभी योगेश कुमार अवस्थी की बेटी रश्मि अवस्थी द्वारा जमीन पाने प्रयास प्रारंभ किया गया।

## शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति को चुनौती पर महाधिवक्ता कार्यालय को जवाब के लिए मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका के जरिए प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति को चुनौती देने के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने शासन और एजी ऑफिस को मामले में जवाब पेश करने अंतिम मोहलत दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 27 अप्रैल को नियत की है। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने याचिका में आरोप लगाया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से अर्हताविहीन वकीलों को शासकीय वकील बना दिया गया है। महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 ला आफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि विधि अधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का है और अभी तक मामले में जवाब नहीं आया है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है।

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

# ब्लैक स्पॉट को दूर करने के आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें : कलेक्टर




**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने यातायात सुरक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागर में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन प्रतिवेदनों पर चर्चा कर कहा कि जहां-जहां ट्राफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिये गये थे, उन्हें 31 मार्च तक पूर्ण कर लें। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इनमें चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, ब्लिंकर्स, रिफ्लेक्टर्स और प्री-फेब्रिकेटेड डिवाइडर लगाने, डिवाइडर की रंगाई-पुताई करने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा जहाँ आवश्यकता हो वहाँ सर्विस रोड बनाने का निर्णय शामिल है।

इसके साथ ही बायपास रोड पर अंधमूक चौराहे सहित शहर के सभी प्रवेश मार्गो की सर्विस रोड पर हुये अतिक्रमणों को हटाने तथा भारी वाहनों की अवैध पार्किंग को प्रतिबंधित करने का निर्णय बैठक में लिया गया। आईएसबीटी चौराहा और सड़कों पर बसों के खड़े होने पर 10 हजार रूपये अर्थदण्ड लगाने के निर्देश भी दिये। वहीं ऑटो रिक्शा के अनियंत्रित संचालन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में बताया गया कि जनवरी और फरवरी में 674 दुर्घटनाएं घटित हुई जिसमें 11 की मृत्यु हुई तथा 779 घायल हुए। जिनमें सबसे ज्यादा रानीताल में घटनाएं घटित हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि रानीताल, बल्देवबाग और उखरी तिराहा पर 10 दिन के अंदर ट्राफिक सिग्नल लगायें। फ्लाई ओव्हर पर भी सुरक्षा के मापदंड सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 41 ब्लैक स्पॉट हैं। सर्वाधिक दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट में पौढ़ी, राजघाट, कटंगी, करौंदानाला आधारताल, रिछाई तिराहा, बरेला, ग्लोबल कॉलेज के सामने पाटन बाईपास तक, नुनसर पाटन, अमझर घाटी बंजारी माता मोड़, कृषि उपज मंडी से दीन दयाल चौक तक, रद्दीचौकी, कुश्नेर, अंधमुक बाईपास, सूपाताल रामायण मंदिर के सामाने तथा कटंगा तिराहा से बंदरिया तिराहा तक हैं, अतः उन्हें दूर करने के आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। बैठक में कहा कि जीवन की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करते हुए सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों को हटाया जाये। सभी ट्रांसपोटरों को बल्देवबाग से चंडालभाटा शिफ्ट किया जाये। डिवाईडर के साथ चौराहों का मानक अनुसार विकास सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान पार्किंग की समस्या का स्थाई समाधान करने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, एडीशनल एसपी ट्राफिक अंजना तिवारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## जमीन में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर 11 लाख हड़पे

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत पाटन के ग्राम बेनीखेड़ा में कम कीमत पर जमीन खरीदकर उसकी प्लाटिंग कर बेचकर मुनाफा कमाने का झांसा देते हुए एक जालसाज ने एक युवक से जमीन खरीदने का सौदा कर 11 लाख रूपए हड़प लिये। जालसाज द्वारा पैसे नहीं वापस करने पर उसके खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत करने का मामला दर्ज किया गया है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि चेरीताल निवासी अभय सिंह मेश्राम की मुलाकात वर्ष 2018 में लमती विजय नगर निवासी बॉबी सिंह से हुई थी। पुरानी जान पहचान के कारण अभय उसे पहले से जानता था मई 2022 में बॉबी सिंह ने अभय को बताया कि पाटन तहसील के ग्राम बेनीखेड़ा में एक एकड़ जमीन सस्ती दर पर मिल रही है यदि वह उसने निवेश करे तो उसे अच्छा मुनाफा होगा। बॉबी सिंह ने एक एकड़ जमीन की कीमत 80 लाख रूपए बतायी। अभय सिंह ने उसने बताया कि फिलहाल उसके पास 20 लाख रूपए ही हैं जिसे वह जमीन में लगा सकता है। तो बॉबी सिंह ने कहा कि वह उक्त जमीन में अन्य लोगों को भी पार्टनर बनायेगा इसके बाद जमीन प्लाटिंग कर अच्छे कीमत में बेच देंगे। जालसाज बॉबी सिंह की बातों में आकर अभय मेश्राम ने एफडी से मिली 20 लाख रूपए की रकम की उक्त जमीन में लगा दी। इस दौरान बॉबी सिंह ने उससे जमीन खरीदने के लिए एग्रीमेंट भी तैयार कराया था जिसका विज्ञापन बकायदा समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर अभय का भरोसा बढ़ गया। जालसाज बॉबी सिंह इस जमीन का हिस्सा किसान जयराम पटेल, राजा राम पटेल को भी बेचा था जिनसे जमीन के संबंध में कोई अवैधानिक अनुबंध नहीं किया था। जमीन पर कब्जा नहीं मिलने पर जब अभय मेश्राम ने इस संबंध में बॉबी सिंह से पूछा तो वह बोला कि उक्त जमीन के बीच से नहर गुजर रही है जिससे उसमें प्लाटिंग नहीं हो पायेगी।



### 13 वाहनों पर 12,500 का चालान, 1 वाहन जब्त

# आरटीओ की सख्ती: दीनदयाल बस स्टैंड पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर में यात्री सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर दीनदयाल बस स्टैंड में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) श्रीमती रिंकू शर्मा के नेतृत्व में संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान यात्री वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान 13 वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर कुल 12,500 का चालान किया गया। वहीं दस्तावेजों के अभाव में एक वाहन को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया।

उड़नदस्ता प्रभारी राजेंद्र साहू ने दो टूक कहा कि "यात्री सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।" कार्रवाई के दौरान परिवहन उप निरीक्षक अक्षय पटेल, परिवहन आरक्षक अशोक खापर्डे, इम्तियाज हुसैन, राजेंद्र पटेल, नवल स्टारकी, शंकर झरिया, आकाश अग्रवाल सहित पूरा अमला मौके पर मौजूद रहा।

## घर से सोने के हार, दुकान से नगदी चोरी, मझौली और गढ़ा थाना क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर।** मझौली और गढ़ा थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदाते सामने आई हैं। मझौली में एक किसान के घर की कुंडी खोलकर अज्ञात चोर 3-3 तौले के दो सोने के हार और मोबाइल चोरी कर ले गया। किसान को गांव के एक युवक पर शक है। वहीं गढ़ा में बड़कुल मिष्ठान भंडार पिसनहारी की मढ़ियां स्थित एक मिष्ठान दुकान के बाजू में लगी जाली के साईड से घुसकर शटर उठाकर दुकान के ड्राज में रखे नगदी 15 से 20 हजार रुपए चोरी कर ले गया। अज्ञात चोर सीसीटीव्ही में चोरी करते दिखाई दे रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया हैं। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदुआ निवासी 47 वर्षीय किसान संतोष पटेल गत सुबह लगभग 10.30 बजे पत्नी बबीता बाई को इलाज कराने जबलपुर गया था। घर पर उसके पिता, माता और उसकी भांजी लक्ष्मी पटेल थे। रात लगभग 8 बजे पत्नी का इलाज कराकर घर वापस आया तो मां चम्पा बाई ने बताया कि शाम लगभग 4 बजे घर कुंडी लगाकर वह लक्ष्मी के साथ गांव में बैठने गई थी। घर उसके पिता एवं लक्ष्मी की बेटी अवनी घर के बाहर आंगन में ही थे। शाम लगभग 5 बजे मॉ चंपा बाई एवं लक्ष्मी घर आए तो दरवाजे की कुंडी खुली थी। शक होने पर चैक किया तो बोरी में रखकर लपेटकर पलंग व दिवाल के बीच में रखा पत्नी का और भांजी लक्ष्मी का सोने का हार व मोबाइल चोर चोरी कर ले गया। उसकी भांजी लक्ष्मी ने गांव के घनशू पटेल को घर के आंगन से निकलते देखा था उसे शंका है कि घनशू पटेल चोरी कर सकता है। इसी प्रकार गढ़ा में छोटा जैन मंदिर पुरवा निवासी 28 वर्षीय बड़कुल मिष्ठान भंडार पिसनहारी की मढ़िया का मैनेजर राहुल असाटी गत रात लगभग 12 बजे रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। बुधवार की सुबह लगभग 7.30 बजे दुकान आया तो देखा दुकान की शटर उठी हुई थी और ताला खुला था। उसने सीसीटीव्ही कैमरा चैक किया जिसमें एक लड़का दुकान के बाजू में लगी जाली के साईड से घुसकर शटर को उठाकर ड्राज खोलकर पैसा निकालते हुये दिख रहा है। ड्राज में 15 से 20 हजार रुपए रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मकान बेचने के बाद कब्जा खाली करने कहा तो बम पटके

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में मकान विवाद को लेकर सुअरमार बम फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यू कंचनपुर निवासी 41 वर्षीय ईट व्यापारी चंद्रशेखर प्रजापति ने दिसंबर 2025 में कंचनपुर स्थित एक मकान राजकुमार यादव से खरीदा था। मकान की रजिस्ट्री एवं नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। मकान खरीदने के बाद जब वे उसमें रहने पहुंचे, तो एक कमरे में पूर्व मालिक का कुछ सामान रखा मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार, गत 17 मार्च की रात करीब 9 बजे उन्हें राजकुमार यादव के दो बेटे अमित यादव उर्फ कंचा और रोहित यादव उर्फ बंटा रास्ते में मिले। दोनों ने उनसे कहा कि मकान में रखा उनका सामान निकाल लें और साथ ही 70 हजार रुपये अतिरिक्त देने की मांग की। प्रजापति ने बताया कि उन्होंने मकान का पूरा भुगतान कर दिया है और अतिरिक्त राशि देने से इंकार कर घर लौट आए। रात करीब 10 बजे दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोप है कि दोनों ने घर पर सुअरमार बम फेंके। दोनों बम फट गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 125, 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3 और 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने रखे विचार

# श्रवण व वाणी बाधित प्रोफेशनल्स के लिए मध्यस्थता प्रशिक्षण समावेशी न्याय को सुदृढ़

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने कहा कि श्रवण व वाणी बाधित प्रोफेशनल्स तथा साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स के लिए 40 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम समावेशी न्याय को सुदृढ़ करेगा। वे कार्यक्रम के समापन सत्र में बोल रहे थे। इस दौरान मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थे। इंदौर व ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्तिगण वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए।**



मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने कहा कि न्याय का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होता है जब वह प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ हो। उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि संवाद में आने वाली बाधाएं न्याय तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न करती हैं और इस प्रकार के नवाचार इन बाधाओं को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मध्यस्थता केवल मौखिक संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समझ, संवेदनशीलता और विश्वास पर आधारित प्रक्रिया है। उन्होंने प्रतिभागियों के दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि जब इच्छाशक्ति मजबूत हो, तब कोई भी बाधा प्रगति में अवरोध नहीं बन सकती। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक प्रशिक्षण का समापन नहीं, बल्कि विवाद समाधान की एक नई, समावेशी सोच की शुरुआत है, जो आपसी सौहार्द और मानवीय संबंधों को सुदृढ़ करती है।

यह कार्यक्रम पांच दिवसीय प्रशिक्षण की प्रमुख झलकियों का वीडियो प्रस्तुतीकरण दर्शाया जाकर प्रारंभ किया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस पहल के सकारात्मक एवं परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। तत्पश्चात, मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली की वरिष्ठ प्रशिक्षक अनुजा सक्सेना व रीमा भंडारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा अनुभव साझा किए।

प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया कहा कि मध्यस्थता केवल विवाद निराकरण का साधन नहीं, बल्कि समझ, सहानुभूति और पारस्परिक विश्वास पर आधारित एक प्रक्रिया है। उन्होंने इस पहल को एक अग्रणी प्रयास बताते हुए कहा कि यह श्रवण एवं वाणी बाधित व्यक्तियों को मुख्यधारा की मध्यस्थता प्रक्रिया में सम्मिलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न्याय वितरण प्रणाली अधिक समावेशी एवं सहभागिता पूर्ण बनेगी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता के प्रमुख आयामों जैसे संप्रेषण व वार्ता कौशल, नैतिकता तथा रोल प्ले अभ्यासों को शामिल किया गया, साथ ही सांकेतिक भाषा व दृश्य संप्रेषण माध्यमों के उपयोग द्वारा तकनीकों के अनुकूलन पर विशेष बल दिया गया। यह पहल समावेशी मध्यस्थता प्रथाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है व समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के लिए न्याय को सुलभ, समान एवं सहभागितापूर्ण बनाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है। आयोजन में धरमिन्दर सिंह, रजिस्ट्रार जनरल, हाई कोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारीगण उमेश पांडव, निदेशक, मप्र राज्य न्यायिक अकादमी एवं अकादमी के अधिकारीगण, सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अरविन्द श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अनिरुद्ध जैन, उप सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## पोते को रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले नियुक्ति का अधिकार नहीं

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि रेलवे की नीति के तहत, पोते को रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले नियुक्ति का अधिकार नहीं है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें रेलवे को सीधी के युवक को जमीन के बदले नौकरी देने कहा गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि कैट ने उक्त आदेश देने में गलती की है। दरअसल, सीधी निवासी भैया प्रशांत सिंह ने कैट में याचिका दायर कर कहा था कि रेलवे ने रीवा-सीधी रेलवे लाइन प्रोजेक्ट के लिए उसके दादा की कुछ जमीन अधिगृहीत की थी। इसका मुआवजा भी दिया गया। प्रशांत ने जमीन के बदले नौकरी के लिए आवेदन किया, जिसे रेलवे ने निरस्त कर दिया। कैट ने रेलवे को आदेश दिया था कि प्रशांत को नौकरी देने पर पुनर्विचार करें। कैट के इस आदेश को केन्द्र सरकार और पश्चिम मध्य रेलवे ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। रेलवे की ओर से अधिवक्ता अर्णव तिवारी ने दलील दी क नियम में यह प्रावधान है कि मुआवजे के अतिरिक्त रोजगार केवल भूमि के एकमात्र स्वामी या उसके पुत्र, पुत्री, पति या पत्नी को ही दिया जा सकता है। चूंकि प्रशांत मूल भूस्वामी का पोता था, इसलिए वह उक्त प्रावधानों के अंतर्गत पात्र आश्रितों की श्रेणी में नहीं आता।

## दिगम्बर जैन पंचायत सभा के त्रिवार्षिक चुनाव

**सर्वसम्मति से नई प्रबंधकारिणी का गठन, सत्येंद्र कुमार बने अध्यक्ष**

**बरेला।** बरेला स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जिनालय में श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें नई प्रबंधकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव में सत्येंद्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर धनेन्द्र कुमार एवं प्रभात कुमार नियुक्त हुए। मंत्री पद पर प्रवीण कुमार और सुधीर कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। सहमंत्री के रूप में मयंक जैन को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. संदीप कुमार एवं सह-कोषाध्यक्ष के रूप में अरुण कुमार नियुक्त हुए। सांस्कृतिक मंत्री के रूप में आशीष जैन (बॉबी) एवं अनिल जैन को जिम्मेदारी दी गई। प्रचार मंत्री के रूप में सत्येंद्र पड़वार, अमित (पप्पू), अंशुल जैन एवं आयुष जैन को मनोनीत किया गया, जबकि संगठन मंत्री के रूप में प्रकाश चंद सुरखी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## महिला दिवस पर आदिवासी बेटी का प्रेरक संकल्प, विनीता ने लिया देहदान का निर्णय

**मझौली के ग्राम धनगवां में कार्यक्रम के दौरान दिया मानव सेवा का संदेश**

**मझौली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत धनगवां में आयोजित कार्यक्रम में 30 वर्षीय समाज सेविका विनीता आदिवासी ने मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए देहदान का संकल्प लिया।अपने संबोधन में विनीता आदिवासी ने कहा कि देहदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। इसके माध्यम से मेडिकल विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना को समझने में मदद मिलती है, जिससे वे भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनकर समाज की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज में सेवा, जागरूकता और मानवता का संदेश देता है।उन्होंने लोगों से अपील की कि अंधविश्वासों से ऊपर उठकर देहदान जैसे पुण्य कार्य के प्रति जागरूक बनें और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विनीता के इस संकल्प की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।



## ईद का चाँद आज नज़र आने की उम्मीद

**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 19 मार्च जुमेरात मुताबिक 29 रमजान को ईद उल फित्र का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा सांय मगरिब के वक्त चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729, 9303899999, 8889186720 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम करने में सहूलियत हो और चाँद का एलान किया जा सके।



## ब्राह्मण समाज बरेला ने भगवान परशुराम जयंती पर की बैठक

**अष्ट धातु की मूर्ति स्थापना और क्षेत्रीय समन्वय समिति गठन पर हुई चर्चा**



**बरेला।** सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षेत्र की उमरिया कुडारी में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के अवसर पर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष पंडित अरविंद तिवारी ने कहा कि समाज को अनुशासन, ज्ञान और ध्यान के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए तथा कुल गौरव को संरक्षित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलना होगा। बैठक में अनिल उपाध्याय, राजकुमार गौतम और बसंत तिवारी ने आपसी मतभेद समाप्त करने के लिए क्षेत्रीय बैठकें आयोजित करने पर जोर दिया। आशीष शुक्ला, लक्ष्मण तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी और योगेश दुबे ने सुझाव दिया कि एक क्षेत्रीय समन्वय समिति गठित की जाए, जो अन्य बिप्र बंधुओं से संपर्क स्थापित करे। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि बरेला में भगवान परशुराम जी की अष्ट धातु से निर्मित मूर्ति स्थापित हो चुकी है और जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नंदकुमार शुक्ला, सुनील पाठक, निरंजन सिंह द्विवेदी, सुशील बाला तिवारी, संजय दुबे, दयाशंकर उपाध्याय, कृष्ण कुमार शुक्ला, विनम्र उपाध्याय, अमित दुबे, अंकित शुक्ला, डॉ. प्रवोध कुररिया, विकास द्विवेदी, विनय दुबे, सतीश दुबे, रामशंकर तिवारी, बालगोविंद तिवारी, अभिलाष उपाध्याय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज ने आगामी बैठक पड़वार में आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक दिशा पर आगे चर्चा होगी।

## शारदा मंदिर बरेला में चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं



**बरेला।** शारदा मंदिर बरेला में चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में पेयजल, प्रकाश एवं छाया की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर व्यवस्थापक पंडित आशीष शुक्ला, अभय शुक्ला एवं उनके परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित इंतजाम किए गए हैं, जिससे दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के दौरान मंदिर के पट प्रतिदिन सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए मंदिर तक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अपने वाहन नीचे निर्धारित स्थान पर खड़ा कर पैदल मंदिर पहुंचें और माता शारदा के दर्शन करें।

## श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आज से



**जबलपुर।** श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर के मुख्य पंडा धनराज कोरी, पुजारी हीरालाल झारिया एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर 19 मार्च से माँ खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर में अनेक विशेष धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे। प्रथम दिवस से नवमीं तिथि तक प्रतिदिन मंदिर समिति सदस्यों द्वारा माता की महाआरती शाम 7.30 बजे की जाएगी। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अनिल कोरी, हरिशचंद्र विश्वकर्मा, महेश कोरी, कोषाध्यक्ष भरत तंतुवाय गुड्डा, सचिव राहुल बर्मन, सुशील यादव लाला, अमित दीवान, सहसचिव राजेश सेन दाढू, सुशील कोरी कल्लू, दिलीप कुरील, शील कोरी, सुदेश कश्यप, विनोद जैन, सोनू कोरी पप्पू सहित अन्य ने माता भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# 45 लाख से अधिक के लाभ का बजट पारित

**नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे ने पेश किया 86 करोड़, 8 लाख, 42 हजार, 400 रुपये का बजट**



**सिहोरा।** नगर पालिका सिहोरा का साधारण सम्मेलन सभाकक्ष में सिहोरा नपाध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता,नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी एवं परिषद के सभी सदस्यों, अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा अनुशंसित आय-व्यय का अवलोकन किया गया एवं बजट वर्ष 2026-27 की बैठक में प्रस्तुत बजट अनुमानित 865408500.00 एवं व्यय 860842400.00 के साथ रु. 4566100.00 बचत का तैयार किया गया। विभिन्न मदों से प्राप्त आय के विरूद्ध नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि एवं नगर के विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों पर व्यय, प्रकाश व्यवस्था / जलप्रदाय व्यवस्था पर व्यय, अंकेक्षण शुल्क की अदायगी का प्रावधान एवं संचित निधि में जमा करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्य जैसे सफाई व्यवस्था, संक्रामक रोगों की रोकथाम, सामाजिक जनकल्याणकारी कार्य,उपकरणों आदि की मरम्मत एवं रखरखाव कर्मचारियों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं एवं कामकाज के संचालन हेतु स्टेशनरी आदि की व्यवस्था सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु बजट में प्रावधान किया गया। इस प्रकार परिषद ने बिना कोई कर बढ़ाते हुए लाभ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित प्रावधान किया गया है, वहीं नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़कों, नालियों के निर्माण, कार्य कराया जाएगा।अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित बजट बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनी मत से पारित किया गया।

### अंशदान एवं अनुदान आधारित बजट

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तुत बजट अंशदान एवं अनुदान पर आधारित है नगर पालिका दर एंव कर से अनुमानित आय-141553500 ,जलकर हाल एंव वकाया से अनुमानित आय - 53295000,संपत्ति पर करारोपण से अनुमानित आय-36740000, कुल अनुमानित आय 231588500 नगर पालिका की आय से प्राप्त होगी।जो नगर पालिका द्वारा प्रस्तुत बजट की मात्र 26.75 प्रतिशत राशी है ।मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुदान, 15 वा वित्त आयोग, सीएम शहरी अधोसंरचना विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, कायाकल्प अभियान,सड़क अनुरक्षण सहित केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाले 633820000 अनुदान की प्रत्याशा में नगर विकास का लेखा-जोखा तैयार किया गया है।

### 63करोड़ से कराये जायेगें विकास कार्य

प्रस्तुत आए हुए पत्र 2026-27 में आईं डी एमटी योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री अधो संरचना सहित अन्य राज्य शासन केंद्र शासन से प्राप्त अनुदान से नगर में 63 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

### परिषद की बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में प्रमोद चौधरी,रीता शुक्ला कल्पना पांडे, ममता गोटिया,ज्योति चक्रवर्ती,बेबी पाल,गौरा देवी विश्वकर्मा,राजेश चौबे,बेटू शर्मा, जवाहर,लीला बर्मन,रमेश पटेल, अंकुश नायक,माधुरी दाहिया, नीलू वाजपेई,देवेन्द्र व्यास,नमन श्रीवास्तव,संतोष सुर्यवंशी, सुशील शर्मा,विवेक सिलावट,राजकुमार बेगा,मनोज खंपरिया,सुग्रीव श्रीवास आदि उपस्थित थे।

## साहू समाज ने किया मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान



**बाबाशाला कटरा मोहल्ला में आयोजन**

**सिहोरा।** समाज की आराध्य मां कर्मा देवी की जयंती पर साहू समाज ने आठवीं, दसवीं, बारहवीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले करीब एक दर्जन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दुबे के मुख्य आतिथ्य,साहू समाज महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष रानी साहू के विशिष्ट आतिथ्य एवं समाज के अध्यक्ष अमित साहू की अध्यक्षता में किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ,मां कर्मा देवी की पूजा के बाद प्रारंभ हुए कार्यक्रम में कार्यकारिणी के सदस्यों में उपाध्यक्ष सचिन साहू,सचिव विजय साहू,अजय साहू,राजेन्द्र साहू,महिला मंडल अध्यक्ष अंशुल साहू,उपाध्यक्ष शिवांगी साहू,सचिव रोशनी साहू आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

### समाज के रत्न मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

अपने विद्यालय में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले साहू समाज के रत्न बारहवीं से सिमरन साहू 97 प्रतिशत,अमरजीत साहू 87.8 प्रतिशत, दसवीं में विराज साहू 97.6 प्रतिशत,सुयश साहू 88.2 प्रतिशत,वीरेन साहू 87.2 प्रतिशत,शिवा साहू 85 प्रतिशत,खुसबू साहू 81 प्रतिशत, आठवीं में रिचा साहू 90.8 प्रतिशत,सिद्धि साहू 84.5 प्रतिशत,श्रिया साहू 80.5 को प्रशस्ति पत्र एंव प्रमाण पत्र भेंटकर एंव 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों का अतिथियों ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। संचालन करोड़ी लाल साहू ने किया।

### विभिन्न ग्रामों से पहुंचे समाजिक बंधू

कार्यक्रम में सिहोरा,खितौला के साथ नांदघाट, मोहला बरगी,दर्शनी,पोड़ी,पोड़ा,संगोड़ी,मझौली से बड़ी संख्या में समाजिक बंधू उपस्थित थे।इस अवसर पर समाज के संरक्षक अरविंद साहू, सुनील साहू,विजय साहू,साधना साहू,सारिका साहू, प्रीति साहू,आशीष साहू,ज्योति साहू,दीपक साहू, विजयंत साहू,सरपंच स्नेहलता साहू,मनीषा साहू,राखी साहू,कल्पना साहू,राकेश साहू,प्रमोद साहू,विपिन साहू,रिंकू साहू,राजेश साहू,दीपक साहू,वंदना साहू,निशा साहू,राजू साहू,अनूप साहू, शंभू साहू,भारत साहू आदि उपस्थित रहे।

## निधन




**श्री बाबुल कुमार चौधरी-** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड निवासी श्री बाबुल कुमार चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमजीत कौर-** गोरखपुर निवासी श्री सुखबीर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती परमजीत कौर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति मिश्रा-** पुलिस क्वाटर्स सिविल लाइन निवासी श्रीनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति मिश्रा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई जायसवाल-** सेठ गोविंददास वार्ड छोटी संतोषी माता के पास निवासी श्री राजाराम जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई जायसवाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील कोष्टा-** ओम नगर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री सुनील कोष्टा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल चौधरी-** चेरीताल निवासी श्री शंकर लाल चौधरी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा देवी सैनी-** न्यू शोभापुर कॉलोनी गोकलपुर निवासी श्री गुरचरण दास सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी सैनी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप केवट-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री जगदीश प्रसाद केवट के पुत्र श्री संदीप केवट (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दास राजपूत-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री भगवान दास राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ननकू पाल- पनागर** मौलाना वार्ड निवासी श्री ननकू पाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरीश सेन-** कोतवाली निवासी श्री गिरीश सेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कुमार उपाध्याय-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री रमेश कुमार उपाध्याय (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शारदा प्रसाद पटेल-** पीएसएम कॉलेज के पीछे नेहरू वार्ड निवासी श्री शारदा प्रसाद पटेल (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मानवती पांडे-** लालमाटी झंडा चौक निवासी श्री छोटे लाल पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती मानवती पांडे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद कुशवाहा-** मानेगांव रांझी सिद्धनगर निवासी श्री बल्ली कुशवाहा के पुत्र श्री आनंद कुशवाहा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा राना-** साईं विहार कॉलोनी सुहागी निवासी श्री ताराचंद राना की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा राना (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रोहिणी गुप्ता-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं निवासी श्री रमेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रोहिणी गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मदन सिंह राजपूत-** कांचघर पुलिस लाइन रोड निवासी श्री मदन सिंह राजपूत (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश दास-** छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री गणेश दास (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रोहित कुमार शर्मा-** 197/4, विद्या नगर जीसीएफ निवासी श्री सुखदेश शर्मा के पुत्र श्री रोहित कुमार शर्मा (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## चिंतन

# युद्ध रुकवाने में कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करे भारत

दुनिया एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। अलग-अलग मोर्चों पर भड़कते संघर्ष न केवल क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे समय में भारत की कूटनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने हमेशा से ही एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाई है, जो आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो, अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन का दौर हो या पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव। भारत ने हर मोर्चे पर अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन को भी प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि भारत एक साथ रूस से हथियार और ऊर्जा संसाधन लेता है तो यूक्रेन के साथ भी मानवीय संबंध बनाए रखता है। यह संतुलन केवल नीति नहीं, बल्कि एक परिपक्व कूटनीतिक सोच का प्रतीक है। आज स्थिति यह है कि भारत के संबंध अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों के साथ मजबूत और विश्वासपूर्ण हैं। यही कारण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र से भारत के तीन जहाज (दो एलपीजी के और तेल से भरा) सुरक्षित निकलकर देश तक पहुंच पाए हैं। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद पर आधारित कूटनीति का परिणाम है। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत इस स्थिति का उपयोग केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित रखे या फिर एक बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में कदम बढ़ाए? स्पष्ट रूप से, यह समय भारत के लिए एक निर्णायक अवसर लेकर आया है। भारत यदि चाहे तो वह एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की दिशा में पहल कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास प्राप्त किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा भारत के साथ संवाद स्थापित करना और मानवीय सहायता को स्वीकार करना इस बात का संकेत है कि भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, युद्ध में शामिल पक्षों के अपने-अपने रणनीतिक हित, राजनीतिक दबाव और क्षेत्रीय समीकरण हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता आसान नहीं होती। इतिहास गवाह है कि कठिन परिस्थितियों में ही बड़े कूटनीतिक कदम उठाए जाते हैं। भारत के पास वह नैतिक आधार, विश्वसनीयता और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उसे इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है। दिलचस्प यह भी है कि घरेलू राजनीति में मतभेदों के बावजूद, विदेश नीति के इस पहलू पर व्यापक सहमति दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं जैसे शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा सरकार की कूटनीति की सराहना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण बन रहा है। यह भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का भी संकेत है। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो टकराव के बजाय संवाद को प्राथमिकता दे। जो शक्ति प्रदर्शन के बजाय शांति स्थापना को महत्व दे। भारत की परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम्" इसी विचार को आगे बढ़ाती है। यह केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक कूटनीतिक दर्शन है, जिसे आज के समय में लागू करने की आवश्यकता है। अब समय है पहल का, क्योंकि शांति की हर कोशिश भविष्य को सुरक्षित बनाती है।

# विनाश के बीच विलुप्त होती संवेदनाएं



विभीषिका
ममता कुशवाहा

आज जब विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर है, उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास अत्यंत पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी मनुष्य के भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। गाजा से लेकर यूक्रेन और अफगानिस्तान तक फैले युद्ध के दृश्य यह संकेत देते हैं कि आधुनिक सभ्यता की चमक के पीछे एक गहरा अंधकार भी मौजूद है, जिसमें संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। अस्पताल, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का केंद्र बन जाए तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार है। चार सौ निर्दोष लोगों की मृत्यु केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि चार सौ परिवारों के उजड़ने की कहानी है, चार सौ सपनों के टूटने की पीड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन जैसे समझौतों के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध की विभीषिका के बीच भी कुछ मानवीय मर्यादाएं बनी रहें। किंतु वर्तमान समय में इन नियमों का उल्लंघन जिस निर्लज्जता के साथ किया जा रहा है, वह चिंताजनक है।

यह केवल नियमों की अवहेलना नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि शक्ति और प्रभुत्व की राजनीति ने नैतिकता को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। युद्ध के पीछे निहित कारणों की पड़ताल करें तो स्पष्ट होता है कि यह केवल सीमाओं या संसाधनों का संघर्ष नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताएं भी शामिल हैं। जब राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि मानकर निर्णय लेते हैं तो वे अक्सर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा कर देते हैं।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से तब और खतरनाक हो जाती है, जब शक्तिशाली देश अपने प्रभाव का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी निष्क्रिय बना देते हैं। परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं भी कई बार केवल दर्शक बनकर रह जाती हैं और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। युद्ध का एक और भयावह पहलू



शरणार्थी संकट के रूप में सामने आता है। जब लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं तो उनका जीवन असुरक्षा, अभाव और अनिश्चितता से भर जाता है।

भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनके जीवन को और भी कठिन बना देता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है, जिनका बचपन भय और अस्थिरता के बीच बीतता है। यह केवल एक पीढ़ी का संकट नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि ऐसे माहौल में पले-बढ़े बच्चे अक्सर हिंसा और असुरक्षा के चक्र में फंस जाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी युद्ध की यह संवेदनहीनता अत्यंत चिंताजनक है। रमजान जैसे पवित्र महीने में हिंसा का बढ़ना यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं का प्रभाव कम होता जा रहा है। धर्म, जो मूलतः शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जब राजनीति और सत्ता के उपकरण के रूप में उपयोग होने लगता है तो उसकी मूल भावना विकृत हो जाती है। यह स्थिति न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि हिंसा को भी वैधता प्रदान करने का प्रयास करती है। मीडिया और तकनीक की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

आज युद्ध के दृश्य तुरंत पूरी दुनिया तक पहुंच जाते हैं, जिससे एक ओर जागरूकता बढ़ती है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता भी बढ़ने का खतरा रहता है। लगातार हिंसा के दृश्य देखने से लोगों के भीतर एक प्रकार की उदासीनता विकसित हो सकती है, जिससे वे इन घटनाओं को सामान्य मानने लगते हैं। यह स्थिति और भी खतरनाक है, क्योंकि जब समाज संवेदनहीन हो जाता है तो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है, या समाज और व्यक्तियों की भी इसमें कोई भूमिका है? वास्तव में, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके। समाज और नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर ही हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। शिक्षा और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में यह समय आत्ममंथन का है। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हमारी प्रगति वास्तव में हमें अधिक मानवीय बना रही है, या हम केवल तकनीकी रूप से उन्नत होकर नैतिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

## नवरात्रि का संदेश

मुनीष भाटिया



# शक्ति की आराधना और धर्म का सच्चा पालन

भारत की सनातन परंपरा में नवरात्रि केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और शक्ति-साधना का पावन काल है। यह वह समय है जब संपूर्ण सृष्टि आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना में लीन हो जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें न केवल भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है, बल्कि धर्म, न्याय और मर्यादा के पालन की प्रेरणा भी देता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। ये सभी स्वरूप केवल देवी के रूप नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आंतरिक गुणों और आध्यात्मिक शक्तियों के प्रतीक हैं। शैलपुत्री हमें स्थिरता और संकल्प का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का, चंद्रघंटा साहस का, और कात्यायनी धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक हैं। शास्त्रों में कहा गया है-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह वाक्य केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारे धर्म का मूल सिद्धांत है।


नवरात्रि का पर्व हमें यही सिखाता है कि नारी केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृष्टि की मूल शक्ति है। मां दुर्गा स्वयं उस शक्ति का प्रतीक हैं, जो सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार-तीनों करती हैं। जब हम अपने समाज की वास्तविकता को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। एक ओर हम पूरे विधि-विधान से देवी की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति असम्मान और हिंसा की घटनाएं हमें विचलित करती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी चिंताजनक है, क्योंकि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि आचरण में प्रकट होना चाहिए। नवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि असली पूजा मूर्ति की नहीं, बल्कि शक्ति के स्वरूप का सम्मान करने में है। यदि हम मंदिर में देवी के चरणों में फूल अर्पित करते हैं, लेकिन अपने घर, समाज या कार्यस्थल पर किसी महिला का अपमान करते हैं तो हमारी पूजा अधूरी है। धर्म का सार केवल मंत्रोच्चार में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार में निहित होता है। मां दुर्गा का प्रत्येक रूप हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

जब महिषासुर जैसे दानवों ने अत्याचार की सीमा पार कर दी, तब देवी ने उनका संहार कर धर्म की रक्षा की। यह कथा केवल पौराणिक नहीं, बल्कि एक शाश्वत सत्य है कि जब भी अन्याय बढ़ता है, तब शक्ति का प्रकट होना आवश्यक होता है। आज के संदर्भ में यह शक्ति केवल देवी के रूप में नहीं, बल्कि समाज की प्रत्येक महिला और बालिका के रूप में उपस्थित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखें। नवरात्रि का उपवास केवल शरीर को शुद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी पवित्र करने का अवसर है। धार्मिक दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को केवल पूजा की विधि ही न सिखाएं, बल्कि नारी सम्मान, मर्यादा और सदाचार के संस्कार भी दें। जब तक हमारी आने वाली पीढ़ी यह नहीं समझेगी कि हर महिला में देवी का अंश है, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। इसके साथ ही आत्मरक्षा भी एक प्रकार की धर्म-साधना है। जैसे मां दुर्गा ने अपने अस्त्र-शस्त्रों से अधर्म का नाश किया, वैसे ही आज की महिलाओं को भी अपने आत्मबल और साहस को जागृत करना होगा। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रकार का धर्म पालन है। समाज और परिवार को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नारी की गरिमा बनी रहे। यदि किसी भी रूप में उसका अपमान होता है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि धार्मिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः, नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि 'शक्ति की उपासना तभी पूर्ण होती है, जब हम उस शक्ति का सम्मान अपने व्यवहार में भी करें।' इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून और दंड पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

सबसे पहले, बच्चों को केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान, संवेदना और सह अस्तित्व जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों को समझ सकें। सच्ची नवरात्रि वही होगी, जब हमारे मंदिरों के साथ-साथ हमारे मन भी पवित्र हों, और हमारे कर्म यह प्रमाण दें कि हम वास्तव में शक्ति के उपासक हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
दर्शन

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे।

## चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे। संयोग से होने वाले सुख का नमूना तो देख ही लिया; लेकिन अब भी चेत नहीं करते फिर और चाहते हैं कि संयोग से सुख ले लें।

## लाहौल और स्पीति में बर्फ से ढंके घर



लाहौल और स्पीति। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के रशिल गांव में मंगलवार को ताजा बर्फबारी से ढंके घर।

## आज की पाती

### पग-पग पर लगा व्यसन बाजार

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने।

*- चैनसुख गुरहिया, झज्जर*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपका समृद्ध अनुभव और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टि पिछड़े वर्गों के कल्याण को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### दिल्ली निवेश के लिए तैयार



दिल्ली ऐतिहासिक धरोहरों और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ अपार अवसरों का शहर है। ऑरेंज इकॉनमी, डाटा सेंटर, आईटी हब और मेडिकल सेंटर्स जैसे विविध क्षेत्रों में दिल्ली निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### लॉ एंड आर्डर



उप्र में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेख़ौफ़ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### गैस की कालाबाजारी



मुख्यमंत्री का यह दावा कि "गैस की कोई कमी नहीं है", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए जनता पर नियम थोपने के बजाय आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी पर लगाम लगाए।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# एनडीआरएफ के लिए अतिरिक्त बटालियन की कमी पर चिंता




संसद की एक स्थायी समिति ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की परिचालन जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में इसके लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई। संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्ट में, गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने आपदा प्रतिक्रिया में एनडीआरएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और अतिरिक्त कर्मियों के लिए आवश्यक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने बल की विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आपदा प्रबंधन में निभाई गई भूमिका और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता अभियानों में इसके योगदान की भी प्रशंसा की। समिति ने 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी 257वीं रिपोर्ट में कहा ' ' बढ़ती परिचालन जिम्मेदारियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में एनडीआरएफ के लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई है और तैनात बल (14,837) स्वीकृत बल (18,581) से काफी कम है। समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से कहा कि वह मानव संसाधन में अंतर का मूल्यांकन करे और रिक्तियों को भरने के उपाय तेज करे ताकि परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जा सके।

## ऑफ बीट

# लद्दाख-मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी राजहंस बने आकर्षण का केंद्र



सर्दी के जाने के साथ-साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के निकट चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दी में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी 'बार हेडेड गूज' जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक-दो की नहीं बल्कि 500 से अधिक 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े-बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने-पहचाने वाले बार-हेडेड गूज सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1,600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने बताया कि इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# स्पीड का नया बादशाह, ऑडी ने भारत में लॉन्च की 4.1 सेकंड वाली दमदार कार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑडी ने भारत में ऑडी SQ8 लॉन्च की है। यह कंपनी के भारतीय पोर्टफोलियो में फ्लैगशिप मॉडल के तौर पर शामिल है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,77,72,000 रुपए से शुरू होती है। यह एसयूवी कंपनी की स्टैंडर्ड क्यू8 और इसके टॉप-टियर मॉडल, आरएस क्यू8 के बीच आती है। इस नई गाड़ी के साथ, ऑडी उन ग्राहकों को टारगेट कर रही है, जो एक दमदार वी8 इंजन चाहते हैं, लेकिन जिन्हें आरएस मॉडल्स जैसी ज़बरदस्त पावर आउटपुट की ज़रूरत नहीं है। इंटीरियर की बात करें तो, इसका केबिन लग्ज़री और स्पोर्टीनेस का एक बेहतरीन मेल है। केबिन में घुसते ही, आपको तुरंत प्रीमियम लेदर अपहोल्स्ट्री का भरपूर इस्तेमाल नज़र आएगा, जो इंटीरियर को सचमुच एक शानदार एहसास देता है। इसके अलावा, स्टीयरिंग व्हील और सीटों पर 'एस' बैज साफ़ तौर पर दिखाई देते हैं, जो लगातार इस बात की याद दिलाते रहते हैं कि यह गाड़ी कितनी हाई-परफॉर्मेंस वाली है। इसमें ऑडी का सिग्नेचर डुअल-स्क्रीन सेटअप है, जिसमें 10.1-इंच का इंफ़ोटेनमेंट डिस्प्ले लगा है, जिसके नीचे एक दूसरी टचस्क्रीन है, जिसका इस्तेमाल क्लाइमेट और गाड़ी की सेटिंग्स को कंट्रोल करने के लिए किया जाता है।

## भारतीय पोर्टफोलियो में फ्लैगशिप मॉडल के तौर पर शामिल

### इंजन और परफॉर्मेंस

ऑडी SQ8 में 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 पेट्रोल इंजन लगा है, जो 507 बीएचपी की पावर और 770 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स है, जो ऑडी के सिग्नेचर ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम के साथ आता है। यह एसयूवी सिर्फ़ 4.1 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटे की रफ़्तार पकड़ लेती है, जिससे यह एक बेहद तेज़ और हाई-परफॉर्मेंस वाली गाड़ी बन जाती है।




# कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

N.I.T No./PWD/16/PRO No. 990 **निविदा सूचना** Date 18/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_491252_1<br>Date- 18/03/2026 | सं. क्र. 16 अंतर्गत आने वाले 05 वार्डो में विभिन्न स्थानो में सड़क मरम्मत, नाली एवं पुलिया मरम्मत पुताई कार्य, चेंबर लगाने का कार्य, हयूम पाईप डालने का कार्य, डस्ट एवं मुरूम द्वारा फिलिंग एवं अन्य कार्य किये जाने हेतु (निगम मद) | 04 माह<br>रू 15.09 लाख | रू 2,000/-<br>रू 11321/- | 20/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

संभागीय यंत्री/ कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर


## सेंसेक्स 76,704.13 और निफ्टी 23,777.80 अंक पर हुआ बंद

# बाजार में बुल्स का दबदबा बरकरार, तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 633 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आईटी और रियल्टी शेयरों के समर्थन से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। इस दौरान, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत या 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.83 प्रतिशत या 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ।

### टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक के शेयर में तेजी

निफ्टी50 इटरनल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, एक्सिस बैंक, इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। जबकि, सिप्ला, एचयूएल, कोल इंडिया, एनटीपीसी, सनफार्मा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स और हिंडाल्को के शेयर सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाले शेयरों में शामिल रहे।

## शेयर बाजार में तेजी के कारण

### पहला कारणः विदेशों से पॉजिटिव सिग्नल

शेयर बाजार में तेजी के पीछे पहले कारण की बात करें, तो विदेशों से मिले पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों का असर सेंसेक्स निफ्टी पर देखने को मिला है। एशियाई बाजारों में शुरुआत से ही तेजी देखने को मिली है। साउथ कोरिया का कोस्पी करीब 4% से ज्यादा चढ़ा था, तो वहीं जापान का निक्की भी 2% से ज्यादा उछाल के साथ कारोबार कर रहा था।



### दूसरा कारणः आईटी स्टाक में खरीदारी

बाजार उछलने के पीछे आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी भी बड़ी वजह मानी जा रही है। इस सेक्टर में जबर्दस्त वैल्यू बाइंग देखने को मिल रही है। तमाम ब्रोकरेज द्वारा एंथ्रोपिक, ओपनएआई से जुड़ा चिंताओं को खारिज किए जाने के बाद आईटी शेयरों में जोरदार उछाल आया है और बाजार का सपोर्ट मिला है।

### तीसरा कारणः कच्चे तेल की स्थिर कीमतें

शेयर मार्केट में तेजी के पीछे के तीसरे कारण की बात करें, तो कहीं न कहीं युद्ध के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता को भी माना जा सकता है। वैश्विक कच्चा तेल मूल्य 100 डॉलर के आस-पास ही स्थिर नजर आ रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है अनिश्चितता के दौरान भी क्रूड में ये स्थिरता बाजारों में तेजी ला रही है।

# वैश्विक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के बावजूद कच्चे तेल में भारी गिरावट

वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। बुधवार को कीमतों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.40 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 2.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 100.99 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था।



अंतराराष्ट्रीय बाजारों के साथ भारतीय बाजारों में भी कच्चे तेल में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर कच्चे तेल का 20 अप्रैल का कॉन्ट्रैक्ट 2.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,621 रुपए पर था। ईरान द्वारा वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की हत्या की पुष्टि के बाद भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के बावजूद कच्चे तेल में भारी गिरावट आई है। उनकी मृत्यु को ईरान के युद्ध नेतृत्व के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है और यह क्षेत्रीय संघर्ष में और अधिक बिगड़ती स्थिति का संकेत है।

# दोपहिया पर कार जैसी सेफ्टी, यामाहा ने पेश किया एयरबैग वाला स्कूटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोपहिया वाहनों की दुनिया में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जापानी कंपनी यामाहा ने दुनिया का पहला एयरबैग वाला स्कूटर यामाहा ट्राइसिटी 300 पेश किया है। यह न सिर्फ एक तीन पहियों वाला स्कूटर है, बल्कि इसमें अब कार जैसी सेफ्टी देने वाला एयरबैग सिस्टम भी दिया गया है। यह स्कूटर न सिर्फ तीन पहियों के साथ बेहतर बैलेंस और स्टेबिलिटी देता है, बल्कि अब इसमें एयरबैग जैसी एडवांस सेफ्टी टेक्नोलॉजी भी दी गई है, जो आमतौर पर कारों में देखने को मिलती है। इस स्कूटर में लगाया गया एयरबैग सामने की तरफ फिट किया गया है। यह एडवांस सेंसर के जरिए काम करता है, जो किसी भी टक्कर को तुरंत पहचान लेते हैं। जैसे ही फ्रंटल एक्सीडेंट होता है, एयरबैग तुरंत खुल जाता है और राइडर को आगे गिरने से बचाने में मदद करता है। यह सिस्टम खासतौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि बिना सीट बेल्ट के भी राइडर को ज्यादा सुरक्षा मिल सके।




### डिजाइन और टेक्नोलॉजी में अपग्रेड

यामाहा ट्राइसिटी 300 के 2026 मॉडल में नया और स्पोर्टी डिजाइन दिया गया है। इसमें एलईडी लाइटिंग, नए फ्रंट पैनल और स्टाइलिश टेल लैंप लगाए गए हैं। इसके अलावा, स्कूटर में ब्रेक कंट्रोल सिस्टम, यूनिफाइड ब्रेकिंग सिस्टम और ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में भी बेहतर संतुलन बनाए रखते हैं।

### इंजन और परफॉर्मेंस

इस स्कूटर में 292सीसी का इंजन दिया गया है, जो 28 पीएस की पावर और 28.9 एनएमटॉर्क जनरेट करता है। यह ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आता है और करीब 30 केएमपीएल का माइलेज देने का दावा करता है। साथ ही, इसमें नया कैटेलिटिक कन्वर्टर जोड़ा गया है, जो इसे लेटेस्ट एमिशन नियमों के अनुसार बनाता है। यह स्कूटर फिलहाल 2026 में यूरोप में लॉन्च किया जाएगा और ग्राहकों को एयरबैग वाले और बिना एयरबैग वाले दोनों ऑप्शन मिलेंगे। हालांकि, भारत में इसके लॉन्च को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### मिलेंगे स्मार्ट फीचर्स

इस स्कूटर में 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले और 2.8 इंच का एलसीडी स्क्रीन दिया गया है। इसके साथ ही जर्मन नेविगेशन और मायराइड ऐप के जरिए स्मार्टफोन कनेक्टिविटी भी मिलती है। राइडर कॉल और म्यूजिक अलर्ट भी देख सकता है। इसके अलावा इसमें कीलेस स्टार्ट, अच्छा स्टोरेज, पार्किंग ब्रेक और लर्निंग मल्टी-वील सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जिससे स्कूटर मोड़ते समय ज्यादा स्थिर रहता है। स्टैंडिंग असिस्ट सिस्टम इसे रुकने के दौरान भी बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है।

# सेबी ने लगाया 18 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ का जुर्माना

## 5 साल तक बाजार से बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपए के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।




### ट्रेडिंग का भ्रामक माहौल बनाने और कीमत में हेरफेर

आदेश में कहा गया कि संजय अरुणकुमार चोकसी सहित नोटिस पाने वाले, संख्या एक से छह तक के लोग शेयर में 'ट्रेडिंग' का भ्रामक माहौल बनाने के साथ-साथ शेयर की कीमत में हेरफेर करने में भी शामिल थे। बाजार नियामक संस्था ने पाया कि संजय चोकसी के नेतृत्व वाले चोकसी समूह ने हेराफेरी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि चोकसी अब आरजीआरएल के प्रवर्तक नहीं थे। फिर भी कंपनी पर उनका ही नियंत्रण बना रहा क्योंकि सभी वैधानिक भुगतान उनके खाते से ही प्राप्त हो रहे थे।

### शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का आरोप

नियामक ने पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि इस साजिश में आपस में जुड़े हुए संगठनों के बीच कारोबार (ट्रेडिंग) करना शामिल था, जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था, जिसके बाद संदेश मंच टेलीग्राम के माध्यम से टिप/स्टॉक अनुशंसाओं का प्रसार करना था।


# MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY

(Established Under an Act of State Assembly, 1991)
Raja Bhoj Marg, Chuna Bhatti, Kolar Road Bhopal, Madhya Pradesh-462016

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्रत्यायित एक मात्र शासकीय विश्वविद्यालय**

सत्र (जनवरी-दिसम्बर) 2026 अंतिम तिथि 30 मार्च, 2026

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) सत्र 2022-23 से लागू। न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त अध्ययन सामग्री।

पाठ्यक्रम/विषय/क्षेत्रीय केन्द्र/अध्ययन केन्द्र परिवर्तन की सुविधा। उम्र का बन्धन नहीं।

नेटवर्किंग सक्षमता निर्माण संसाधनों को साझा करके और गुणवत्ता सुनिश्चित करके राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर दूरस्थ शिक्षा का प्रसार।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के नियमों के अनुसार प्रवेश शुल्क की वापसी।

Our Motto- "Embrace, Engage, Enlighten and Empower"

हमारा लक्ष्य-शिक्षा वंचितों तक पहुंचना

UGC-DEB/AICTE/RCI/NCTE/NCVET से अनुमोदित पाठ्यक्रमों का संचालन

| Bachelor Programmes | PG Diploma Programmes |
|---|---|
| BA | PG Diploma in Cyber Security |
| BSC (Bio/Maths) | PG Diploma in Management Logistics and Supply Chain Mgt |
| B.Sc. (Cyber Security) | PG Diploma in Event Management |
| B.Sc (Data Science) | PG Diploma in Energy Management |
| B.Com | PG Diploma in Tribal Development |
| Bachelor of Library and Information Science (B.LIS) | PG Diploma in Artificial Intelligence and Data Science |
| Bachelor of Journalism (BJ) | PG Diploma in Fin Tech |
| BBA (Bachelor of Business Administration) | |
| BCA (Bachelor of Computer Application) | **Diploma Programmes** |
| **Bachelor Honours Programmes** | Diploma in Business Administration (DBA) |
| B.A. (Honours) Political Science | Diploma in Management (DIM) |
| B.A. (Honours) Hindi | Diploma in Computer Application (DCA) |
| B.Sc (Honours) Chemistry | Diploma in Nutrition and Health Education (DNHE) |
| B.Sc (Honours) Botany | Ramcharitra manas se samajik vikas me Diploma (RSSM) |
| B.Sc (Honours) (Cyber Security) | Diploma in Logistics and Supply Chain Management (DLSCM) |
| B.Sc. (Honours) (Data Science) | Diploma in Tribal Development (DTD) |
| B.Com (Honours) | Diploma in Travel and Tourism (DTT) |
| BBA (Honours) | Diploma in Rural Management (DRM) |
| BCA (Honours) | Diploma in Event Management (DEVM) |
| **PG Programmes** | Diploma in Energy Management (DEM) |
| MBA (General) | Diploma in Cyber Security (DCS) |
| MBA (Material Management) | Diploma in Data Science (DDS) |
| MBA (STEM) | Diploma in AI & Data Science (DADS) |
| MBA (Lateral Entry) | Diploma in Bhagwat Geeta (DBG) |
| MCA | **Certificate Programmes** |
| MCA (Lateral Entry) | Certificate in Human Right (CHR) |
| M.Com | Certificate in Rural Development (CRD) |
| MA (Hindi Lit.) | Certificate in Indian Literature |
| MA (English Lit.) | Certificate in Written and Spoken Sanskrit |
| MA (Political Science) | Certificate in Introduction to Vedas |
| MA (Economics) | Certificate in Indic Philosophy |
| MA (Sociology) | Certificate in Ayurvedic Dietetics |
| MA (History) | Certificate in Indian Education and Holistic Development |
| MA (Geography) | Certificate in Basic of Intellectual Property Rights |
| MSW | Certificate in Indian Cultural Heritage |
| Master of Journalism | Certificate in Introduction to Yoga Nidra |
| Master of Science (Cyber Security) | Certificate in Organic Farming |
| M.Sc. (Botany) | Certificate in Sociology of Gerontology |
| M.Sc. (Maths) | Certificate in Mushroom Production |
| M.Sc. (Physics) | Certificate in Medicinal Plants from Traditional use to Sustainable Utilization |
| M.Sc. (Chemistry) | |
| M.Sc. (Zoology) | |
| M.Sc. (IT) | |

**आवेदन करने की प्रकिया :-**
प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए स्वयं आवेदक **www.mpbou.edu.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। 2. असुविधा होने पर नजदीकी कियोस्क पर जाकर प्रवेश आवेदन एवं फीस जमा की जा सकती है। 3. अर्हतादायी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियों तथा मूल अंकसूची एवं अन्य मूल दस्तावेज के मिलान कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराए।

**प्रवेश हेतु जानकारी के लिए लिंक**
https://mpbou.mponline.gov.in/portal/services_bhoj.aspx?groupid=1

**विशेष**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रवेशित विद्यार्थी अब एक साथ दो पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते हैं। एक पाठ्यक्रम किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में, जबकि दूसरा पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से दूरस्थ माध्यम के अंतर्गत, विद्यार्थी चाहें तो एक साथ दोनों पाठ्यक्रम भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से भी पूर्ण कर सकता है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय हमारे अध्ययन केन्द्र हैं। विद्यार्थी प्रवेश व अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा समन्वयक से संपर्क कर सकता है। बी.एड./डी.एल.एड. (सामान्य) के लिए डॉ. हेमंत सिंह केसवाल (7696569224) तथा श्री संजय गुलाटी (9826392619), बी.एड. विशेष शिक्षा हेतु डॉ. ज्योति पाराशर (9425365725) तथा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए डॉ. रतन सूर्यवंशी, निदेशक (9329823741), डॉ. राजवती दीपांकर (8349280917), आई.टी. विभाग से संबंधित जानकारी के लिए उपनिदेशक आई.टी. डॉ. प्रज्ञा ओझा (9755294824) एवं प्रोग्रामर डॉ. राजेश सक्सेना (9827736834) तथा परीक्षा/प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए निदेशक (प्र.मू.) डॉ. सतीश पाटिल (7067425675) तथा उपनिदेशक डॉ. मधुकर इटेवार (8817440127) से सम्पर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124963/2026 कुलसचिव



# कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 39 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 13/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB _457554_5 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत केरपानी से हथियाटोला (शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। (पंचम आमंत्रण) | 209.58 | 2,10,000 | 15,000 | पंचम आमंत्रण | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_PWDRB _470478_4 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सी. एम. राईज विद्यालय सांईखेड़ा नरसिंहपुर निर्माण से बारछी पहुँच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। (चतुर्थ आमंत्रण) | 325.06 | 3,25,500 | 15,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2025_PWDRB _457551_4 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत शक्ति सुगर मिल से बरहटा नरसिंहपुर नर्माण (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 3.90 कि.मी. का निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 316.33 | 3,16,350 | 15,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 05 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_PWDRB _457552_4 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत कोठिया से नोनिया (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । (चतुर्थ आमंत्रण) | 270.33 | 2,70,400 | 15,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2025_PWDRB _457553_4 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिहोरा वायपास (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. का निर्माण कार्य । (चतुर्थ आमंत्रण) | 231.58 | 2,32,000 | 15,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 6 | 2025_PWDRB _473681_4 | नरसिंहपुर | मरम्मत कार्य | नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत कुल लंबाई 68.06 कि.मी के विभिन्न मार्गो की एस.एम.टी.सी. कार्य निविदा (चतुर्थ आमंत्रण) :-(1) गोंगावरी कामती मार्ग लंबाई 7.30 कि.मी. (2) बेलखेड़ी बरहटा मुँगवानी मार्ग लंबाई 17.80 कि.मी. (3) गाडरवारा तेन्दूखेड़ा नवीन राज्य मार्ग कि.मी.19/2 से ग्राम बीकोर सिन्दूर नदी तक मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी.(4) नरसिंहपुर मगरधा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (5)महगंवातला से भामा मार्ग लंबाई 1690 कि.मी. (6) उमरिया से पिपरहा मार्ग लंबाई 5.20 कि.मी. (7)मऊ लिंक मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. (8) बनवारी एप्रोच मार्ग लंबाई 0.80 कि.मी. (9) खोबी भैंसा राखी से ब्रम्हाकुण्डघाट मार्ग लंबाई 4.36 कि.मी. (10) गुंदरई से पथरौडा मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. (11)सालीचौका से सहावन मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी.(12)सांकल मार्ग से मण्डी तिराहा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. | 61.25 | 61,500 | 10,000 | चतुर्थ आमंत्रण | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 1414.13 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24/03/2025, ( 17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 24/03/2026, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

G-27579/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) - संभाग नरसिंहपुर

# आईडीएफ हमले में मारे गए ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब

इजराइली रक्षा मंत्री काट्र्ज का दावा





इस्माइल खतिब

**काट्र्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी**

**1** रोज के हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता लगातार कमजोर कर रहे

**2** लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई और तेज करेगा इजराइल

**रक्षा मंत्री काट्र्ज ने कहा कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद**

**ट्रंप बोले- ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर देंगे**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्र्ज ने एक बयान जारी कर दावा किया है कि ईरान के एक और शीर्ष नेता की हवाई हमले में मौत हो गई है। उनके अनुसार, मंगलवार रात हुए हमले में खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब मारे गए।


हालांकि, ईरान ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। काट्र्ज ने कहा है कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद है। उन्होंने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि ईरान और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज हो जाएगी। काट्र्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है, जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। बता दें, एक दिन पहले ही इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था, जिसमें दोनों अधिकारियों की मौत हो गई थी।


ईरान द्वारा इजराइल के रमत गन में किए हमले में क्षतिग्रस्त घर

### ईरान की सैन्य क्षमता सीमित कर रहे

इजराइल ने कहा है कि वह ईरान की सैन्य क्षमता को लगातार कमजोर कर रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रखेगा। इजराइली सेना के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नदव शोशानी ने कहा कि ईरान अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है, लेकिन इजराइल यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसकी क्षमता सीमित हो जाए। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ईरान जो कर सकता है, वह बहुत ज्यादा न हो और हम उसकी क्षमताओं को अधिकतम हद तक खत्म करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।

### ईरान दुनिया का नंबर-1 राज्य प्रायोजित आतंकी



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने कहा कि मैं सोच रहा हूं कि अगर हम आतंकी ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर दें और उस तथाकथित स्ट्रेट की जिम्मेदारी उन देशों को सौंप दें जो इसका इस्तेमाल करते हैं (हम नहीं करते) तो क्या होगा? इससे हमारे कुछ गैर-प्रतिक्रियाशील सहयोगियों को तेजी से सक्रिय हो जाना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि याद रखो, उन सभी बेवकूफों के लिए जो बाहर बैठे हैं- ईरान को हर कोई दुनिया का नंबर वन राज्य प्रायोजित आतंकवादी मानता है। हम तेजी से उन्हें कारोबार से बाहर कर रहे हैं!

### रूस ने लारिजानी की हत्या की निंदा की



रूस ने ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारिजानी की हत्या की कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश के नेतृत्व को निशाना बनाना गलत है और इस तरह की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस उन सभी कदमों की निंदा करता है, जिनका मकसद किसी देश के नेताओं को नुकसान पहुंचाना या उन्हें खत्म करना हो।

### ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला

इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी ईरान के बुशेहर प्रांत में गैस इंफ्रास्ट्रक्चर पर एयरस्ट्राइक की है। यह हमला दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में से एक साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़ी सुविधाओं पर किया गया। ईरानी सैन्य अधिकारियों ने प्रतिक्रिया में कहा कि अब उन दुश्मन के इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। ईरान ने दक्षिणी शहर असालुयेह और साउथ पार्स गैस फील्ड पर हुए हमलों को वॉर क्राइम करार दिया है और कहा है कि यह कार्रवाई बिना जवाब के नहीं छोड़ी जाएगी।

### लेबनान में इजराइली हमले में 12 लोगों की मौत

लेबनान में इजराइल के हमले में 12 लोगों की मौत हो गई है और 41 लोग घायल हुए हैं। यह हमला शहर के केंद्रीय इलाके में हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जिससे हताहतों की संख्या ज्यादा होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमले में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने देइर एज-जहरानी कस्बे को निशाना बनाया, जहां एक स्कूल और एक रेस्टोरेंट के पास हमला हुआ।

### इजराइली हमले में ईरान में 7 लोगों की मौत

ईरान के लोरिस्तान प्रांत में इजराइल के हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए। यह जानकारी प्रांत के सुरक्षा उप-गवर्नर ने दी है। हमले में रिहायशी, नागरिक और घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया गया। इससे पहले इसी प्रांत के चेगेनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी।

### 130 ईरानी मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराए: बहरीन

बहरीन ने दावा किया है कि उसने ईरान के हमलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 130 मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन डिफेंस फोर्स के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने जंग शुरू होने के बाद से लगातार हो रहे हमलों को सफलतापूर्वक रोका है।

### 2.6 लाख भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी

सरकार ने बताया कि 28 फरवरी से अब तक करीब 2.6 लाख यात्री उस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया जारी है। सरकार ने साफ किया है कि फ्लाइट सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं और स्थिति पहले से बेहतर है। यूएई से भारत के लिए बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित हो रही हैं। साथ ही भारतीय दूतावास जरूरतमंद लोगों, खासकर छात्रों की मदद कर रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई के विभिन्न एयरपोर्ट से रोजाना बड़ी संख्या में फ्लाइट्स भारत आ रही हैं। 17 मार्च को करीब 70 उड़ानें संचालित हुईं और बुधवार को भी इतनी ही उड़ानें रही हैं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है, जबकि कुवैत में एयरस्पेस बंद है। वहां से विशेष उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।

### अमेरिकी सेना ने ईरान पर भारी बमों से हमला किया

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तट पर स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के कई डीप पेनिट्रेटर मूनिशन्स (गहरे भेदक हथियार) का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। सेंट्रल कमांड ने यह भी स्पष्ट किया कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रही थीं। यह कार्रवाई संभवतः क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

## युद्ध रोकने के लिए अमेरिका को देना होगा हर्जाना: अराघची



शीर्ष नेताओं की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि किसी एक नेता के जाने से ईरान की राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक संरचना पर कोई असर नहीं पड़ेगा और देश अपनी नीतियों व रणनीतियों के साथ आगे बढ़ता रहेगा। इस पूरे संघर्ष के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को इसके मानवीय और आर्थिक नुकसान की जवाबदेही लेनी होगी। मौजूदा युद्ध तभी समाप्त हो सकता है जब ईरान को हुए नुकसान की भरपाई की जाए और उसकी संप्रभुता का सम्मान किया जाए। अराघची ने कहा कि ईरान अपने हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा।

### व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है

अराघची ने कहा कि व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है और ईरान इसी सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है। अराघची ने जनता को भरोसा दिलाया कि ईरान की सरकार और संस्थाएं अपने कामकाज में पूरी तरह सक्षम हैं और देश के सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को लेकर ईरान पर लगाए जा रहे आरोप राजनीतिक हैं और पश्चिमी देशों द्वारा दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि वर्तमान परिस्थितियों में ईरान इस मार्ग से अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक ऊर्जा आपूर्ति नहीं होने देगा।

### जंग खत्म करने के लिए कोशिश करते रहेंगे: चीन



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनका देश मिडिल ईस्ट में लड़ाई खत्म करने के लिए लगातार कोशिश करता रहेगा। बीजिंग में यूएई के राष्ट्रपति के विशेष दूत के साथ बैठक के दौरान वांग यी ने कहा कि यह युद्ध कभी होना ही नहीं चाहिए था। इसे जारी रखने का भी कोई कारण नहीं है। उन्होंने यूएई की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए भी अपना समर्थन जताया।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में हेलिकॉप्टर क्रैश लैंडिंग के वक्त हादसा

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में स्थित खोटांग जिले में बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। एयर



डायनेस्टी का एक हेलिकॉप्टर लैंडिंग के दौरान अचानक पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट के अलावा इस हेलिकॉप्टर में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे, जो काठमांडू से अपने एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने खोटांग जा रहे थे। इस घटना में किसी की जान नहीं गई।

### फिनलैंड के राष्ट्रपति को भायी फिल्म 'धुरंधर'

**नई दिल्ली।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने एक वीडियो शेयर की है। इसमें वो लंदन के हाइड



पार्क में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, उनकी पत्नी डायना कार्नी और अपनी पत्नी सुजैन इनेस-स्टब के साथ मॉर्निंग जॉग पर निकले हैं। दौड़ते हुए पीएम कार्नी, राष्ट्रपति स्टब से पूछते हैं, 'भारत में आपका इंस्टाग्राम कैसा था?' स्टब ने कहा कि ये बहुत बड़ा हो गया था जब मैंने कहा कि मैंने धुरंधर देखी जो अच्छी लगी है।

### अर्जेंटीना ने डब्ल्यूएचओ से अपना नाम वापस लिया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के विदेश मंत्री पाब्लो क्विर्नो ने कहा कि अर्जेंटीना ने विश्व स्वास्थ्य




संगठन से औपचारिक रूप से वापसी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अर्जेंटीना ने यह निर्णय 17 मार्च 2025 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेजे गए एक नोट के माध्यम से सूचित किया था।

पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा का बड़ा बयान

# तनाव का ईंधन आपूर्ति पर असर नहीं रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है।

सरकार ने बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है।

**पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना**




### पेट्रोल पंप पर कामकाज सामान्य

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर संचालित हो रही हैं। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और घरों में उपयोग होने वाली पीएनजी की आपूर्ति उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे जहां भी संभव हो, पीएनजी कनेक्शन अपनाएं। इसके साथ ही, पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैस कंपनियों ने विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है।

### पड़ोसी देशों ने भारत से मांगी मदद

भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। सुजाता शर्मा ने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा 5 हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3 हजार टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है।

### चीन जा रहे टैंकर्स ने भारत का किया रुख

भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ा दिया है और कई टैंकर्स, जिनका निर्धारित गंतव्य स्थान चीन के पोर्ट्स थे, अब उन्होंने भारत का रुख किया है। कच्चे तेल से लदा अफ्रामैक्स टैंकर एक्वा टाइटन, 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है, जिसमें यूराल्स का कच्चा तेल होगा। जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से तेल लोड करने के बाद जहाज ने शुरू में चीन के रिझाओ को अपना गंतव्य निर्धारित किया था। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, मार्च के मध्य में अचानक अपना रास्ता बदलते हुए, जहाज दक्षिण चीन सागर में मुड़ गया और भारत की ओर बढ़ने लगा। भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने अपनी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ा दिया है और केवल एक हफ्ते में करीब 30 मिलियन बैरल रूसी कच्चा तेल खरीद लिया है।

पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति पर चर्चा

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, ईद की दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के साथ उच्चस्तरीय कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए वहां के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा बातचीत में पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस से क्षेत्रीय शांति और समुद्री सुरक्षा पर भी बातचीत की। पीएम ने खुद इस बातचीत का जानकारी ट्वीट कर दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंताएँ साझा कीं।


कुवैत के क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी फाइल फोटो

### भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए जताया आभार


पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की भारत द्वारा की गई निंदा को हमने फिर से दोहराया। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम ने आगे लिखा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने हेतु मैंने उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि इससे पहले, पीएम मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नहयान से फोन पर बात की थी।

रक्षा क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

## पोखरण में पहली बार निजी कंपनी ने की पिनाका रॉकेट की सफल टेस्टिंग

एजेंसी ▶▶ पोखरण

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की तरफ देश ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राजस्थान के पोखरण में सोलर ग्रुप ने पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स का सफल परीक्षण करके रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। कंपनी ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो उत्पादन बैचों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षण राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। सोलर ग्रुप ने बताया कि इस दौरान कुल 24 पिनाका एनहैंस्ड रॉकेट्स का परीक्षण किया गया। इन रॉकेट्स की सटीकता, स्थिरता और मारक


पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट का सफल परीक्षण

क्षमता को परखा गया। कंपनी के अनुसार, सभी रॉकेट्स ने मैदानी परिस्थितियों में असाधारण रूप से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और अपने सभी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह पहली बार है जब पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स के उत्पादन बैचों का परीक्षण किसी निजी कंपनी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है। यह निजी क्षेत्र की बढ़ती क्षमता और आत्मनिर्भरता का बड़ा प्रमाण है।

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम

## आईसीजी को मिलेगी नई ताकत, नेक्स्ट जेनरेशन पोत निर्माण शुरू

**आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी निर्माण**

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (ओपीवी) के निर्माण का समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह रत्नागिरी स्थित मेसर्स वाईएमपीएल में आयोजित किया गया, जहां ओपीवी श्रृंखला के दूसरे और तीसरे पोत (यार्ड 16402 और 16403) के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे पोत


ओपीवी के निर्माण समारोह में उपस्थित आईसीजी के शीर्ष अधिकारी

ये नेक्स्ट जेनरेशन पोत 5,000 समुद्री मील की रेंज और 23 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम होंगे। करीब 117 मीटर लंबे इन पोतों में 11 अधिकारियों और 110 जवानों के रहने की क्षमता होगी। इनमें एआई-आधारित पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली, रिमोट पायलटेड ड्रोन, इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल होंगी। यह परियोजना मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित की जा रही है। छह नेक्स्ट जेनरेशन ओपीवी के निर्माण का अनुबंध 20 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ था।

### समुद्री सुरक्षा में होगा बड़ा इजाफा

इन नए पोतों के शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कदम देश की तटीय सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस निर्माण समारोह की अध्यक्षता आईजी सुधीर साहनी ने की। इस दौरान भारतीय तटरक्षक बल और एमडीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

आईओएस सागर पहल

### 16 देशों के साथ समुद्री साझेदारी को मजबूत करने की नौसेना की पहल

भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही है। नौसेना ने 'आईओएस सागर' के दूसरे संस्करण की शुरुआत कर दी है। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू किया गया 'आईओएस सागर' एक विशेष ऑपरेशनल कार्यक्रम है। इसका मूल उद्देश्य मित्र राष्ट्रों के नौसैनिकों को भारतीय नौसेना के जहाज पर एक साथ प्रशिक्षण और समुद्री अनुभव प्रदान करना है। यह कार्यक्रम 16 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इस पहल के तहत विभिन्न देशों के इन अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को जहाज पर होने वाली गतिविधियों और पेशेवर प्रशिक्षण में शामिल किया जाता है। इससे अलग-अलग देशों के नौसैनिकों के बीच आपसी तालमेल, सहयोग और समुद्री अभियानों की समझ को बढ़ावा मिलता है। प्रारंभ किए गए इस संस्करण में 16 मित्र देशों के नौसैनिक भाग ले रहे हैं।

## नौ दिन होगी देवी की आराधना

# शक्ति उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आज से



**जबलपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व आज गुरुवार 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा हैं। 27 मार्च को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी तक धार्मिक अनुष्ठानों की धूम चलेगी। शुभ योगों में शक्ति पर्व शुरू होने से देवी पूजा आराधना से मिलने वाला शुभ फल और बढ़ जाएगा। 19 मार्च गुरुवार को स्वयं सिद्ध मुहूर्त रहेगा। जब नवरात्र शुरू होंगे तब इसी दिन से हिंदुओं का नया साल यानि नवसंवत्सर 2083 शुरू होगा। पंचांग के मुताबिक ये हिंदू नववर्ष का पहला दिन रहेगा।मठ मंदिरों में रंगाई, पुताई, सफाई और साज-सज्जा का काम हो चुका है। पूजन घट स्थापना की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। बैठकी के साथ प्रारंभ होने वाला यह पर्व शहर को धर्ममय वातावरण में लीन कर देगा। देवी मंदिरों में नवरात्र के मेले आयोजित होते हैं। इस साल रामनवमी का जुलूस और नवरात्रि के मेले और सार्वजनिक अनुष्ठान किए जायेंगे। नौ दिनों तक अनवरत पूजा-पाठ, हवन-अनुष्ठान मंदिर के पुजारी करेंगे। नगर के अति प्राचीन और सिद्ध स्थल श्री बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, श्री बूढ़ी खेरमाई चारखम्बा, श्री वृहत महाकाली कालीधाम गढ़ाफाटक, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर मढ़ाताल, श्री छोटी खेरमाई मंदिर राईट टाऊन, श्री शीतलामाई घमापुर, श्री महाकाली दरबार गोपालबाग, श्री महाकाली मंदिर सदर, श्री शिवशक्ति हरदौल मंदिर गंजीपुरा, श्री छोटी देवन दीक्षितपुरा, श्री मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा में बड़ी खेरमाई, छोटी खेरमाई और त्रिपुर सुंदरी मंदिर भेड़ाघाट में पूजन अर्चन होगा। नगर के सभी मंदिरों की रंगाई, पुताई होने के बाद आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।

### महाकाली दरबार सजा

श्री वृहत महाकाली समिति गढाफाटक कालीधाम के दरबार की साफ सफाई रंगाई पुताई होने के बाद दरबार को विशेष साज सज्जा से सजाया गया। यहां नौ दिन तक भक्तों का मेला लगेगा। माँ की अखंड ज्योत के दर्शन करने वैसे भी लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में आते हैं।

### बंगलामुखी दरबार में अखंड ज्योति प्रज्वलित होगी

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में परम्परानुसार भक्तों द्वारा अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिये माँ के चरणों में अर्जी लगाई गई हैं, साथ ही 1001 अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित की जायेंगी, जहां पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज द्वारा प्रतिदिन माँ बगलामुखी का विशेष अर्चन, पूजन व महा आरती की जायेगी। अखंड ज्योति यज्ञ स्थल पर दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर चलेगा।

### देवी के नौ स्वरूपों की होगी आराधना

आज 19 मार्च प्रतिपदा को मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घटस्थापना और अराधना होगी। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथे दिन माँ कुष्मांडा की पूजा, पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा, छटवें दिन माँ कात्यायनी की पूजा, सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा, आठवें दिन माँ महागौरी की पूजा और रामनवमी के दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा आराधना की जायेगी।

### मंगल कलश शोभायात्रा आज

नारायणी सेना जबलपुर द्वारा चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर आज भगवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा 19 मार्च को दोपहर 3 बजे से हितकारिणी स्कूल दमोहनाका से प्रारंभ होगी, जो कि मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक होते हुए मालवीय चौक, सुपर मार्केट से होते हुए लार्डगंज, बड़ा फुहारा, मिलौनीगंज पर पहुंचेगी। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के जयघोष और शानदार आतिशबाजी के साथ समापन होगा। इस संबंध में नारायणी सेना जबलपुर के प्रमुख सीताराम सेन, राज कुमार भोजक, अरविन्द दुबे, मनोज जायसवाल, राहुल महाराज, राहुल हटारिया, नितिन चौदह आदि ने बताया कि हिन्दू नववर्ष की भव्यता के साथ स्वागत करने की तैयारी पूरी हो गई है, साधु संतों और हिन्दूवादी सेवकों की अगुवाई में शोभायात्रा के दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत, नशा मुक्त भारत और शक्तिशाली भारत का संदेश दिया जाएगा। जिसमें भगवा वस्त्र पहने हुए धर्मालंबियों के द्वारा हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने का संदेश दिया जाएगा।

# म.प्र. की पहली रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर में सफल

### अब प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना होगा




**जबलपुर।** जबलपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल्स में मध्यप्रदेश की पहली सफल रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी कर चिकित्सा क्षेत्र में नया इतिहास रचा गया है। यह जटिल सर्जरी यूरोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. प्रणल सहारे के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।इस उपलब्धि के साथ ही मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जहां रोबोटिक तकनीक से प्रोस्टेट कैंसर का अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध है। इससे अब प्रदेश के मरीजों को इलाज के लिए बड़े महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी एक आधुनिक और न्यूनतम चीरा-फाड़ वाली तकनीक है, जिसमें 1 से 2 सेंटीमीटर के छोटे छेद के माध्यम से ऑपरेशन किया जाता है। इससे खून का बहाव कम होता है, दर्द कम होता है और मरीज तेजी से स्वस्थ होता है। जहां पारंपरिक सर्जरी में मरीज को 8–10 दिन अस्पताल में रहना पड़ता है, वहीं इस तकनीक से 3–5 दिन में छुट्टी मिल जाती है और रिकवरी भी 2–3 सप्ताह में हो जाती है।

डॉ. प्रणल सहारे ने बताया कि इस तकनीक में प्रोस्टेट के आसपास की नसों को सुरक्षित रखने में अधिक मदद मिलती है, जिससे सर्जरी के बाद मरीज की सामान्य जीवनशैली पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। वरिष्ठ सर्जन डॉ. गणेश गोस्वामी ने इसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि रोबोटिक सर्जरी भविष्य की चिकित्सा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन से डॉ. शोभित बड़ेरिया, डॉ. पुनीत मेहता एवं निलेश रावल भी उपस्थित रहे। अपोलो हॉस्पिटल्स, जबलपुर में रोबोटिक सर्जरी के साथ एंडोयूरोलॉजी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट सहित कई उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे प्रदेश के मरीजों को अब अपने ही शहर में विश्वस्तरीय उपचार मिल रहा है।



## भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड पर निकली विशाल झूलेलाल प्रभात यात्रा

**जबलपुर।** भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल झूलेलाल प्रभात यात्रा का आयोजन किया गया, यात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ होकर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, कॉफ़ी हाउस रोड, बड़ी ओमती, घंटाघर, सिंधु भवन पहुंचकर समाप्त हुई, जिसमें भगवान श्री झूलेलाल, भगवान श्री गणेश, जगत जननी माँ दुर्गा, बैलगाड़ी में, पूज्य ज्योति, बैंड दल, धमाल पार्टी, मंकी मेन, गोरील्ला, भोले बाबा नंदी पर सवार आकर्षक का केंद्र थे। यात्रा में स्वामी रामदास महाराज, स्वामी अशोकानंद महराज, स्वामी प्रदीप महाराज, अशोक ईश्वरदास रोहणी विधायक केंट, जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, अभिलाष पांडे विधायक उत्तर-मध्य, विनय सक्सेना द्वारा हरी झंडे दी गई। हजारों की संख्या में सिंधी समाज के सदस्य शामिल हुए, तत्पश्चात विशाल भंडारा सिंधु भवन में किया गया। यात्रा में उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, उमेश पारवानी, कैलाश वासवानी, राजकुमार कांधारी, रमेश आहूजा, राम आहूजा, माधवदास कुंदवानी, तारु खत्री, सुधीर भागचंदानी, सुरेश असवानी, गोविन्द हीरानी, गोपी खत्री, प्रकाश आहूजा, विकास नोतनानी अशोक लालवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आज रात 10:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाआरती प्रकटोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है।

# महाकोशल महाविद्यालय में अखिल भारतीय राजशेखर समारोह 2026 सम्पन्न

### सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक परंपरा का उत्सव, संस्कृत विभाग का नाम होगा "कविराज राजशेखर"




**जबलपुर।** कालिदास अकादमी, संस्कृति परिषद् मध्यप्रदेश शासन, उज्जैन एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय राजशेखर समारोह 2026 का आयोजन 17 मार्च को महाविद्यालय प्रेक्षागृह में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों और साहित्य प्रेमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक केंट अशोक रोहाणी रहे, जबकि सारस्वत अतिथि के रूप में पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की। कालिदास अकादमी के निदेशक प्रो. गोविन्द गंधे विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी ने कहा कि यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कविराज राजशेखर को जबलपुर की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए इस तरह के आयोजनों को ज्ञान परंपरा के संवर्धन में अहम बताया। प्रो. शिवशंकर मिश्र ने राजशेखर के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रमुख कृतियों—बालरामायण, कर्पूरमंजरी और काव्य मीमांसा—को भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने घोषणा की कि महाविद्यालय के संस्कृत विभाग का नाम "कविराज राजशेखर संस्कृत विभाग" रखा जाएगा।उद्घाटन सत्र के बाद कथक नृत्यांगना शालिनी खरे एवं उनके समूह द्वारा राजशेखर के साहित्य पर आधारित आकर्षक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही तीन तकनीकी सत्रों में देशभर के विद्वानों ने शोधपत्र प्रस्तुत कर राजशेखर के साहित्य और विचारधारा पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता गुप्ता ने किया। आयोजन में डॉ. रामेश्वर झारिया, डॉ. शिवचंद वर्मा, डॉ. रविश तमन्ना, डॉ. जागेश्वर प्रजापति सहित अनेक शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। अंत में प्रो. अरुण शुक्ल ने आभार व्यक्त किया।

## एथेंस में लहराया जबलपुर का परचम, यश नामदेव ने जीते 2 स्वर्ण व 1 रजत

### अंतरराष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** शहर के महाराजपुर निवासी यश नामदेव, पिता श्री राकेश नामदेव, ने यूरोप के एथेंस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर देश और जबलपुर का नाम रोशन किया है।कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के दम पर यश ने विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और भारत का तिरंगा ऊंचा किया। उनकी इस उपलब्धि से जबलपुर सहित पूरे नामदेव समाज में हर्ष और गर्व का माहौल है। यश की सफलता पर नामदेव समाज विकास परिषद, मध्यप्रदेश (भोपाल) एवं जबलपुर इकाई ने उन्हें बधाई देते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि इस उपलब्धि से समाज का मान-सम्मान बढ़ा है। स्थानीय नागरिकों और समाजजनों ने भी यश नामदेव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गाय के पौष्टिक दूध से रोजा इफ्तार कराया

**जबलपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा रमजान उल मुबारक के 26वें रोजे पर होटल समदड़िया बराट रोड में रोजा इफ्तार का एहतमाम किया गया, इस दौरान गाय के पौष्टिक दूध और खजूर से रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। नमाज के बाद रोजदारों ने पूरे मुल्क के और प्रदेश की सलामती की दुआएं मांगी। इस अवसर पर शहर काजी हाफिज जनाब मोईन ने मगरिब की नमाज अदा कराई। रोजा अफ्तार में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एसके मुद्दीन, एडवोकेट तबरेज शेख, शाहरुख मुद्दीन, भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री सुरेश देशपांडे, अनूप शुक्ला, शौकत अली, अनवर हुसैन, यदुवंश मिश्रा, आसिफ अली, फरत कुरेशी, विजय राज पटेरिया, अजमान कुरेशी, मोहम्मद अरहम, शेख मोहम्मद, कबीर शेख सहित बड़ी संख्या में बहुसंख्यक भाइयों ने मुस्लिम बंधुओं के साथ रोजा इफ्तार कर आपसी सद्भाव और समरसता का संदेश दिया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में विशेष रूप से अभिमन्यु शाखा एवं दयानंद व्यवसाय शाखा के स्वयंसेवकों ने अफ्तार में भाग लेकर समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में राममूर्ति मिश्रा, प्रदीप चौकसे, कैलाश सोनकर, जीशान अंसारी, आसिफ अंतोनी, सोहेल सौदागर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## झूलेलाल जयंती पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से 1200 मरीजों को मिला लाभ



**जबलपुर।** झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर सिंधी समाज, शेल्बी एवं मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 1200 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा समाज में सेवा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोकानंद महाराज, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पार्षद मधुबाला राजपूत, गोपीचंद खत्री (अध्यक्ष), डॉ. अजय वाधवानी, एडवोकेट भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन एवं एडवोकेट आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

शिविर में नागरिकों के लिए ब्लड शुगर जांच, ईसीजी (हृदय जांच), आंखों की जांच एवं चश्मे के नंबर, विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें डॉ. विकास सावला (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष तिवारी (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. चारू पाठक (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. नितिन सोनी (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रशांत जैन (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपांशु साहू (जनरल सर्जन), डॉ. अजय वाधवानी (कंसल्टेंट फिजिशियन), डॉ. ईशान मर्चेंट (मूत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. मुकेश पांडेय (कंसल्टेंट फिजिशियन), डॉ. रिया वाधवानी, सुनील टेकचांदनी, रवि गंगवानी, राजू रामानी, प्रकाश मतानी, दीपक खानचंदानी, संतोष पंसारी, वीरू कवानी, मयंक मतानी, मातृशक्ति में उषा टेकचंदानी शामिल रहे। मरीजों की सेवा को समाज ने विशेष सेवा माना और भविष्य में ऐसे आयोजन और करने का संकल्प लिया।



## बालाजी मंदिर में 75वां रामनवमी महोत्सव 20 मार्च से, 23 को रामरथ शोभायात्रा

### हीरक जयंती वर्ष पर भव्य आयोजन, 29 मार्च को भंडारा प्रसाद के साथ समापन

**जबलपुर।** कांची कामकोटि पीठ एवं दक्षिण भारतीय भजन सभा के संयुक्त तत्वावधान में बालाजी मंदिर, माढ़ोताल में 75वां रामनवमी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 20 मार्च को गणेश पूजन के साथ होगा, जबकि 29 मार्च को भंडारा प्रसाद के साथ समापन किया जाएगा। दक्षिण भारतीय भजन सभा की अध्यक्ष पी. रामन एवं श्री रमणीक ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विगत 75 वर्षों से यह महोत्सव निरंतर आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष इसे हीरक जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 21 मार्च से भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। 22 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वैदिक परंपराओं के अनुसार "सीताराम कल्याणम" (दिव्य विवाह) संपन्न होगा, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 23 मार्च को शाम 6 बजे से निकलने वाली राम परिवार रथ शोभायात्रा होगी। यह शोभायात्रा बालाजी मंदिर माढ़ोताल से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, तीन पत्ती चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं भक्त हनुमान की आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। आयोजकों ने शहरवासियों से महोत्सव एवं शोभायात्रा में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की है।

## गोहलपुर पुल चौड़ीकरण का भूमिपूजन 31 मार्च के पूर्व महापौर ने की घोषणा

**जबलपुर।** गोहलपुर पुल के चौड़ीकरण हेतु प्राप्त टेंडर को खोलकर शीघ्र ही वर्क आर्डर जारी किया जाएगा, इसके बाद तत्काल आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कर 31 मार्च के पूर्व ही चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। यह घोषणा 18 मार्च को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने की। उन्होंने बताया कि चौड़ीकरण कार्य तीव्र गति से होगा, जिससे जून माह में पुल के एक साइड से यातायात प्रारंभ हो सकेगा। महापौर से 18 मार्च को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने गोहलपुर पुल के चौड़ीकरण के संबंध में चर्चा की।उल्लेखनीय है कि पूर्व में 10 जनवरी को चौड़ीकरण के संबंध में निविदा सूचना जारी की गई थी, किन्तु एक ही टेंडर मिलने के कारण 27 फरवरी को द्वितीय निविदा सूचना जारी करना पड़ी। इस निविदा की अंतिम तिथि 16 मार्च थी, निविदा में कार्य की लागत तीन करोड़ तीन हजार एक सौ पच्चीस रुपये बताई गई है। चर्चा में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया सहित अन्य शामिल रहे।

### जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर के दो दिवसीय केता-विक्रेता सम्मेलन में किसानों, शोध और बाजार के समन्वय पर जोर

# औषधीय पादप सम्मेलन का शुभारंभः आरसीएफसी सेंटर देशभर को देगा नई दिशाः डॉ. महेश दधीच





**जबलपुर।** कृषि महाविद्यालय, जबलपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में औषधीय पादपों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के पादप क्रिया विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. महेश कुमार दधीच (सीईओ, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड) ने कहा कि यह सम्मेलन औषधीय पौधों के क्षेत्र में उभरते रुझानों और भविष्य की रणनीतियों पर मंथन का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि आरसीएफसी सेंटर भविष्य में पूरे देश में नई दिशा प्रदान करेगा और किसानों, उद्योगों तथा शोध संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. धीरेन्द्र खरे ने औषधीय फसलों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा मानक बीज उपलब्ध कराने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनदीप शर्मा ने भारत में औषधीय पौधों की परंपरा को पुनर्जीवित करने और किसानों को आधुनिक तकनीकों अपनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश कुलकर्णी ने किसानों के हित में कम लागत और अधिक मुनाफे वाले अनुसंधान तथा बेहतर बाजार व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं डॉ. प्रमोद कुमार चौधरी ने बीज उपलब्धता, प्रत्यक्ष बाजार और आयुष योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. अखिलेश तिवारी ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी ने बताया कि आरसीएफसी सेंटर के माध्यम से अब तक 1900 प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सी.बी. शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारी, वैज्ञानिक, किसान एवं क्रेता-विक्रेता उपस्थित रहे।

### सूपाताल और मदन महल दरगाह पर अफ्तार-ए-आम आज

**जबलपुर।** मदरसा अहले सुन्नत गढ़ा की जानिब से आज 29वें रोजे जुमेरात को सूपाताल स्थित मस्जिद गुलशन-ए-तैयबा में अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है। हाजी इशाक, हाफिज नूरुल इस्लाम, हाफिज असद कर्बलाई आदि ने रोजेदारों से शिरकत की गुजारिश की है। इसी क्रम में मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीरान-ए-पीर की दरगाह में भी आज जुमेरात को अफ़्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है, जिसमें सभी से शिरकत की अपील की गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै श्रीमति उषा लक्ष्मी राजन पत्नि स्व. विजन राजन निवासी म.न. 926 गली नं. 21, सदर केन्ट जबलपुर (म.प्र.) विवाह पूर्व उषा लक्ष्मी आत्मज स्व. ग्रीन फ्रांसिस के नाम से जानी जाती थी तथा शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा यही नाम दर्ज था, विवाह पश्चात मेरा नाम उषा लक्ष्मी राजन हो गया तथा यह नाम प्रचलित है। उषा लक्ष्मी तथा उषा लक्ष्मी राजन दोनों ही मेरे नाम है। आम जनता के सूचनार्थ।

स्थान : जबलपुर

वर्तमान नाम - उषा लक्ष्मी राजन

विवाह पूर्व नाम - उषा लक्ष्मी

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे निवास स्थान मनमोहन नगर एवं हेड ऑफिस, करमेता कटंगी रोड के मध्य बाइक से जाते समय रजिस्ट्री दीक्षित प्राइड बहुमंजिला भवन ( पेन्ट हाउस ) ब्लॉक नं.4, प्लॉट नं.5/2 पर निर्मित 2900 वर्गफुट पर बना पेंट हाउस उक्त प्रॉपर्टी के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस के अंदर निम्न पते पर सूचित करें। श्रीमती बंटी अग्रवाल 40 श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, पता-पीयूष ट्रेडर्स, कटंगी रोड, करमेता, जबलपुर 482002, संपर्क-9009555500

**राजेश एच पंजवानी, अधिवक्ता**
चैंबर/निवास-"कृष्णम्" 67,
शिवशक्ति परिसर फेस- 2, सूरतलाई,
कटंगी रोड़, जबलपुर 482002